


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 24 जून 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-087 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अयोध्या में राममंदिर की छत से टपकने लगा पानी

**अयोध्या,24 जून।** अयोध्या में हुई हल्की बारिश से ही राम मंदिर की छत से पानी टपकना शुरू हो गया है और परिसर में भी जलभराव हो गया है. इसको लेकर समाजवादी पार्टी ने भाजपा और मंदिर ट्रस्ट पर हमला बोला है. प्री मानसून की जरा सी बारिश में अयोध्या के राम मंदिर की छत से पानी टपकने लगा है. इसी साल 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी. अभी भी राम मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है. ऐसे में पहली ही बारिश में राम मंदिर की छत से पानी टपकने लगा और बाहर परिसर में जलभराव हो गया. इसकी पुष्टी राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने की है. पुजारी ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में मंदिर के प्रकोष्ठ बनाए जा रहे हैं, जहां अन्य मूर्तियां स्थापित की जाएंगी. इन कार्यों के लिए अलग विभाग भी बन गया है.

### सड़क हादसे में तीन की मौत

**अंबिकापुर,24 जून।** रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजपुर व बलरामपुर के बीच भेड़ाघाट मोड़ पर अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक सीधे पेड़ से टकरा पलट गया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक व उसकी बड़ी मां , ट्रक चालक की मौत हो गई। ट्रक का क्लीनर घायल हुआ है। उसे अंबिकापुर के मेडिकल कालेज अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के गढ़वा निवासी रतन केसरी (32) , अपनी बड़ी उषा देवी (60 ) को लेकर मोटरसाइकिल से राजपुर आ रहा था। राजपुर निवासी बबलू केसरी के यहां जन्मदिन का कार्यक्रम था। इसी कार्यक्रम में उन्हें शामिल होना था। दुर्घटना में ट्रक चालक बबलू यादव (35) के साथ रतन केसरी व उषा देवी की मौत हो गई। क्लीनर अभय कुमार (22) गंभीर रूप से घायल हो गया था। ट्रक में रायपुर से लोहे का एंगल लेकर बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख मेडिकल कालेज अस्पताल शिफ्ट किया गया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में चालक फंस गया था। उसे बड़ी मुश्किल से निकाला गया था।

### 1 जुलाई से बदल जाएगा क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट का तरीका

**नई दिल्ली ,24 जून ।** जून का महीना खत्म होने में महज कुछ ही दिन बचे हैं इसके बाद जुलाई का महीना शुरू हो जाएगा। जुलाई महीना शुरू होते ही क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट करने वाले लोगों के लिए बड़े अपडेट आ रहे हैं। 1 जुलाई से क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट को लेकर आरबीआई के कुछ नियम लागू होने वाले हैं जिनका सीधा असर उन लोगों पर पड़ेगा जो क्रेडिट कार्ड के जरिए बिल पेमेंट का इस्तेमाल करते हैं। इसका मकसद पेमेंट के प्रोसेस को सुव्यवस्थित करना और इसकी सुरक्षा बढ़ाना है। कुछ प्लेटफॉर्म के जरिये क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट में मुश्किल हो सकती है। इनमें क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ प्रमुख फिनटेक शामिल हैं। दरअसल रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने निर्देश दिए हैं कि 30 जून के बाद सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम के जरिए से प्रोसेस की जानी चाहिए।

### हिसार में लव मैरिज करने पर कपल की हत्या

**हिसार ,24 जून।** हरियाणा के हिसार में सोमवार सुबह लव मैरिज करने वाले कपल की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। दोनों के शव हांसी के लाला हुकुम चंद जैन पार्क में पड़े हुए मिले। दोनों कपल सुबह पार्क में बैठे हुए थे। करीब साढ़े 9 बजे बाइक पर आए 2 बदमाशों ने 7 राउंड फायरिंग की। जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का हंगामेदार आगाज

## नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ, विपक्ष ने संविधान की प्रतियां लेकर निकाला मार्च





**नई दिल्ली,24 जून।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का आज से आगाज हो गया। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई देने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली। उसके बाद अन्य मंत्रियों और सांसदों के शपथ लेने का सिलसिला शुरू हुआ। सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों से मिलकर काम करने का आह्वान किया पर विपक्ष ने जिस तरह अपनी ताकत का प्रदर्शन किया उससे स्पष्ट हो गया है कि सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने के लिए विपक्षी दल पूरी तरह तैयार होकर आये हैं। हम आपको बता दें कि लोकसभा सत्र शुरू होने से पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने संसद परिसर में संविधान की प्रति लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने संसद परिसर में अपने संबोधन के दौरान एक भारत श्रेष्ठ भारत की अनोखी तस्वीर भी प्रस्तुत की। दरअसल जब प्रधानमंत्री मीडिया को संबोधित करने पहुँचे तो उनके साथ उत्तर से सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, दक्षिण से सांसद और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन, पश्चिम से सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और उत्तर-पूर्व से सांसद तथा केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू मौजूद थे। राष्ट्रीय राजधानी में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लोकसभा सदस्य संसद परिसर में एकत्र हुए और एक साथ सदन की ओर मार्च किया। विपक्षी गठबंधन के सांसद पुराने संसद भवन के गेट नंबर 2 के पास एकत्र हुए, जहां कभी गांधी प्रतिमा हुआ करती थी। मार्च निकाल रहे नेताओं ने कहा कि हम इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। नरेंद्र मोदी सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। जिस तरह से प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति की गई है, वह संविधान के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### सांसदों से बहस व परिश्रम की उम्मीद: मोदी

18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत से पहले, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष को एक संक्षिप्त संदेश भेजा कि देश के लोग संसद के सदस्यों से बहस और परिश्रम की उम्मीद करते हैं, न कि गड़बड़ी की। नए संसद भवन के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि जनता सांसदों से नारे नहीं, बल्कि सार चाहती है और उन्हें पूरा विश्वास है कि सांसद आम आदमी की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे।

### संविधान तोड़ने की कोशिश: खड़गे

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की, इसलिए आज सभी दलों के नेता एक साथ आये हैं और विरोध कर रहे हैं। यहां गांधी जी की मूर्ति थी...ये सभी लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं, इसलिए आज हम ये दिखाना चाहते हैं कि मोदी जी आपको संविधान के हिसाब से आगे बढ़ना चाहिए।

### शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शपथ लेने पहुंचे तो विपक्ष बोला- नीट-नीट,शेम-शेम

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम शपथ के लिए बुलाया गया तो विपक्ष ने नीट-नीट , शेम-शेम बोलना शुरू कर दिया. विपक्ष नीट पेपर धांधली में उनके इस्तीफे की भी मांग कर चुका है. फिलहाल विपक्ष की इस नारेबाजी को संसद में हंगामे के पहले का ट्रेलर कहा जा रहा है. धर्मेन्द्र प्रधान ने उड़िया में शपथ ली.



# शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

**जगदलपुर,24 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नक्सलियों द्वारा सुकमा में किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए जवानों को करणपुर कोबरा बटालियन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस दौरान डीजीपी अशोक जुनेजा सहित पुलिस और सीआरपीएफ के उच्च अधिकारियों ने शहीदों को अंतिम सलामी देते हुए श्रद्धांजलि दी. बता दें कि सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में रविवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट को अंजाम दिया था. जिसमें दो जवान शहीद हो गए थे. जानकारी के मुताबिक सिलगेर में स्थित सुरक्षा कैंप से 201 कोबरा वाहिनी की एडवांस पार्टी का मुव्हमेंट आर0ओ0पी0 ड्यूटी के दौरान ट्रक और मोटर सायकल से कैंप टेकलगुड़ेम की ओर जा रहा था. इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया. आईईडी की चपेट में 201 कोबरा वाहिनी का 01 ट्रक आ गया. जिसमें सवार चालक और सहचालक जवान मौके पर शहीद हो गए. शहीद जवान विष्णु आर केरल के तिरुवनंतपुरम और शहीद शैलेन्द्र उत्तर प्रदेश के कानपुर के निवासी है. फिलहाल गार्ड ऑफ ऑनर के बाद शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह प्रदेश के लिए रवाना कर दिया गया है.

# दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों ने पीएम मोदी को लिखा खत

**नई दिल्ली ,24 जून।** दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों ने सोमवार को अपनी एक मीटिंग की। यह मीटिंग आतिशी के अनशन स्थल पर की गई। सभी की मांग है कि दिल्ली को उनके हक का पानी दिया जाए। सभी मंत्रियों ने अपने हस्ताक्षर किए हुए पत्र को प्रधानमंत्री को भी भेजने का फैसला किया है ताकि प्रधानमंत्री भी इस मामले में हस्तक्षेप कर जल संकट को दूर कर सकें।इसके साथ ही बैठक में प्रस्ताव लाया गया कि दिल्ली सरकार के सभी मंत्री एलजी के साथ एक जॉइंट विजिट वजीराबाद बैराज पर करेंगे ताकि सभी के सामने स्थिति साफ हो जाए। आम आदमी पार्टी के नेता और मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सोमवार को यह अहम बैठक जल मंत्री आतिशी के अनशन स्थल पर ही की गई और इस दौरान इस बात पर चर्चा हुई कि 30 साल पहले दिल्ली को जो पानी मिल रहा था, वही 30 साल बाद भी मिल रहा है, जबकि आबादी 3 गुना से ज्यादा हो गई है।

गोपाल राय के मुताबिक, 30 साल पहले 1000 एमजीडी पानी जो तय हुआ था, लगभग वही पानी अभी भी मिल रहा है और अब जब मांग गर्मियों में बढ़ जाती है तो उसमें भी कटौती कर दी जाती है। 100 एमजीडी रोजाना पानी कम मिलने के चलते करीब 46 करोड़ लीटर पानी दिल्ली वालों को कम मिल रहा है, जिससे लगभग 28 लाख दिल्ली की जनता पानी के लिए तरस रही है।

# बेल को बेताब केजरीवाल से सुको ने कहा- इंतजार करिए

**नई दिल्ली,24 जून।** तुरंत जमानत की आस लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उम्मीदों को झटका लगा है। सर्वोच्च अदालत ने आम आदमी पार्टी के मुखिया को हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करने को कहा है, जो कल तक सुनाया जा सकता है। इसके साथ ही सुनवाई को 26 जून तक टाल दिया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय पर एक बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि आमतौर पर इस तरह के फैसले सुरक्षित नहीं रखे जाते हैं। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर हाई कोर्ट की अंतरिम रोक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन बेंच ने केजरीवाल की याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की। अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने ट्रायल कोर्ट फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे अभूतपूर्व करार दिया। सिंघवी ने कहा कि कोर्ट ने पहले स्टे दे दिया और फिर बाद में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आदेश एक दो दिन में आ जाएगा। इस पर सिंघवी ने सवाल उठाया कि क्या बेल को सूचीबद्ध करते समय ही स्टे किया जा सकता है। ईडी की तरफ से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने भी कहा कि फैसला कल तक आ जाएगा।



सिंघवी ने कहा कि सुबह 10:30 बजे हाई कोर्ट ने बिना किसी कारण स्टे लगा दिया और बाद में दलीलें सुनीं गईं। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि जमानत मिल जाने के बाद इसे इतनी आसानी से पलटा नहीं जा सकता है। केजरीवाल के वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि उनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और देश छोड़कर भागने का जोखिम नहीं है। जांच 2022 से चल रही है और गिरफ्तारी की वैधता को इस अदालत में चुनौती दी जा चुकी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा, %स्टे आवेदन पर आदेश सुरक्षित रखा गया और तब तक निचली अदालत के जमानत के आदेश पर रोक लगाई गई। पक्षों को 24 जून तक अपनी बात रखने का मौका दिया गया है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल यह कहकर स्थगन मांग रहे हैं कि फैसला जल्दी सुनाया जाएगा। हम मानते हैं कि इसे परसो के लिए सूचीबद्ध करना उचित होगा और यदि इस बीच हाई कोर्ट आदेश पारित करता है तो इसे रिकॉर्ड में लाया जाए। केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम स्टे लगाते हुए फैसले को सुरक्षित रखे जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, स्टे के मामलों में फैसले सुरक्षित नहीं रखे जाते हैं, बल्कि तभी सुना दिया जाता है। यहां जो हुआ है वह अनोखा है। हालांकि, सर्वोच्च अदालत ने कहा कि वह भी वही गलती नहीं करेगी जो अंतरि स्टे देते हुए हाई कोर्ट ने की।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो किसानों की मौत

**बलौदाबाजार,24 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**



पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदी में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो किसानों की मौत हो गई है. घटना की सूचना पर पलारी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मिली जानकारी के अनुसार, दोनों किसान खेत में काम करने गए थे. इसी दौरान मौसम खराब होते देख दोनों एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने वाले दोनों मृतक नंदकुमार निषाद (46 वर्ष) और भोला वर्मा (40 वर्ष) ग्राम गातापार के निवासी थे. फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है.

मौसम विभाग आकाशीय बिजली गिरने की पहले ही सूचना दे चूका है. ऐसे मौकों पर लोग अक्सर पानी से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े हो जाते हैं, जो उनके लिए घातक होता है, क्योंकि पेड़ सीधे जमीन से जुड़ा होता है और आकाशीय बिजली गुरुत्वाकर्षण के कारण सीधे पेड़ पर अधिकतर गिरती है. ऐसे मौके पर पेड़ के नीचे नहीं खड़ा होना चाहिए. दो दिन पहले चांपा गांव में भी ऐसी ही घटना हुई थी, जिसमें कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन खेत में पेड़ के नीचे बनी झोपड़ी पर बिजली गिर गई और उसमें रखा कृषि उपयोग का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया.

# मानसून सत्र के पहले होगी मंत्रियों के नामों की घोषणा

**रायपुर,24 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायवाल का बड़ा बयान सामने आया है। बताया जा रहा है कि मानसून सत्र से पहले बाकी दो मंत्रियों के नाम की घोषणा जल्द ही किया जा सकता है, अगला मंत्री पार्टी और सीएम के तय करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल साय कैबिनेट के विस्तार को लेकर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा के सभी 42 विधायक मंत्री पद के योग्य हैं। हर विधायक चाहता है मंत्री बन जाऊं, हालांकि पुरंदर मिश्रा ने अपनी इच्छा जताई है। पार्टी और सीएम के आंकलन के हिसाब से मंत्री बनेंगे। नए पुराने सभी का मंत्रिमंडल में समन्वय होता है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंत्री मंडल में एक नया और एक पुराना चेहरा शामिल होगा राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार बृजमोहन अग्रवाल की जगह रायपुर से एक मंत्री बनाना तय माना जा रहा है। मंत्री पद के लिए जिनका नाम चल रहा है उनमें वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत का नाम प्रमुखता से सामने आया है। इसी तरह नए चेहरे में रायपुर से रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा और दुर्ग के गजेंद्र यादव की चर्चा है। बता दें कि पिछले दिनों सांसद बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद मंत्रिमंडल में अभी मंत्री के पद पर दो विधायकों की नियुक्ति करनी है।

# पेपर लीक कराने वाले गैंग्स का सेंटर बन गया है झारखंड

**रांची ,24 जून।** पेपर लीक कराने वाले गैंग्स का झारखंड सेंटर बन गया है। पिछले दो सालों के भीतर झारखंड से पेपर लीक के चार बड़े स्कैम सामने आए हैं। 2024 के नीट-यूजी पेपर लीक स्कैम की जांच में झारखंड के दो दर्जन से ज्यादा लोगों की संलिप्तता सामने आ रही है। इसके पहले इसी साल जेएसएससी सीजीएल और बिहार शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के पर्चे भी झारखंड से लीक हुए थे।

नीट-यूजी मामले में बिहार ईओयू (इकनॉमिक ऑफेंसेज विंग) की अब तक की जांच में इस बात के प्रमाण मिल चुके हैं कि झारखंड के हजारीबाग स्थित एग्जाम सेंटर से पर्चा लीक हुआ था। पटना में इस परीक्षा के प्रश्न पत्र का जो अधजला अवशेष मिला था, उसके सीरियल कोड से खुलासा हुआ है कि यह प्रश्नपत्र हजारीबाग के मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल स्थित एग्जाम सेंटर में भेजा गया था। ईओयू की टीम ने हजारीबाग पहुंचकर स्टील के उन दो ट्रंक को जब्त किया है, जिनमें यहां प्रश्नपत्र भेजे गए थे।

जांच में इस बात के साक्ष्य मिले हैं कि इन ट्रंक में छेड़छाड़ किया गया था। ट्रंक में दो अलग-अलग कुंडियां पाई गई हैं। इसके पहले शुक्रवार को ईओयू की टीम पेपर लीक मामले में झारखंड के देवघर से छह युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस बात के भी प्रमाण मिले हैं कि लीक किए गए पेपर रांची में मेडिकल पीजी के दस स्टूडेंट ने सॉल्व किए थे और फिर उन्हें परीक्षार्थियों तक भेजा गया था। पेपर लीक करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड माने जा रहे सिकंदर यादवेंदु नामक बिहार के जिस जेई को गिरफ्तार किया गया है, उसका रांची के बरियातू हाउसिंग कॉलोनी में आलीशान मकान है। उसने लंबे समय तक रांची में रहकर मेडिकल कॉलेज सहित कई विभागों में सिविल कन्स्ट्रक्ट्रशन वर्क्स में ठेकेदारी की है। इसके पहले झारखंड में 28 जनवरी को आयोजित हुई एसएससी-सीजीएल (कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल) परीक्षा के पेपर लीक हो गए थे।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस: छत्तीसगढ़ को दिशाहीन खेल गतिविधि से हो रही हानि

jasclaudius@gmail.com

# खेल के भविष्य को देखते हुए अध्यक्ष पद से हटें या सक्रिय हों

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

भागदौड़ भरी जिंदगी में अपने आपको चुस्त दुरुस्त रखने की बड़ी जिम्मेदारी आज संसार के प्रत्येक मनुष्य पर आ पड़ी है। स्वस्थ रहने की स्थिति में मानव अपनी प्रतिभा को विज्ञान, संचार,प्रौद्योगिकी,कला, कृषि, व्यापार याने किसी भी क्षेत्र में सौ प्रतिशत दर्शा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि अच्छे खान-पान, रहन सहन, शानो शौकत, घूमने-फिरने से व्यक्ति अपने शरीर को फिट नहीं रख सकता उसे शारीरिक कसरत की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। ऐसी परिस्थिति में खेलकूद की गतिविधि की ओर ध्यान चला जाता है।

मनुष्य का स्वस्थ होना देश व विश्व को खुशहाल बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए आज से नहीं परंतु मानव सभ्यता के उदय होने के साथ ही प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक हलचल में शामिल रहा है। शुरुआती दौर में दौड़ने, उछलने, कूदने,फेंकने से संबंधित गतिविधि से मानव जाति जुड़ा रहा। बाद में यही खेल के रुप में सामने आया फिर 18 वीं सदी से मनुष्यों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा की भावना जागी। आरंभिक दौर में कस्बाई स्पर्धा आरंभ हुई फिर राज शासकों के बीच उसके पश्चात राष्ट्र के अंदर व आखिर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद की प्रतियोगिताएं आरंभ हुई। परंतु ऐसी खेल स्पर्धाओं को एक मंच पर लाने के लिए 23 जून 1894 को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी की स्थापना हुई। 1896 में पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरूआत हुई। एथेंस में हुई क्योंकि माना जाता है प्राचीन ओलंपिक खेलों का आयोजन यूनान याने ग्रीस देश में ईसा पूर्व 776 में हुआ जो कि करीब 1169 वर्ष तक संपन्न होने के पश्चात 393 ईस्वी में बंद हो गया था। आधुनिक ओलंपिक खेलों के आरंभ को यादगार बनाने के लिए 23 जून 1948 को पहली बार ओलंपिक दिवस मनाने का निर्णय अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ द्वारा जनवरी 1948 के 42 वें सत्र में लिया गया था। वस्तुतः यह दिन खेल, स्वास्थ्य और स्वयं को बेहतर बनाने का दिन माना जाता है जिसमें खेल भावना से ओतप्रोत कोई भी इंसान विश्व में कहीं भी भाग ले सकता है। ओलंपिक दिवस के दिन आयोजनकर्ता ओलंपिक संघ की राष्ट्रीय या स्थानीय राज्य अथवा जिला स्तर की कमेटी अपने निर्णय के अनुसार किसी खेल की प्रतियोगिता का आयोजन कर सकता है। उल्लेखनीय है कि ओलंपिक खेल दिवस के दिन विभिन्न खेल आयोजनों की जिम्मेदारी ओलंपिक से जुड़े खेल संघों की होती है।

इस तथ्य की ओर ध्यान देने से स्पष्ट हो जाता है कि निष्क्रिय अथवा विवादास्पद राष्ट्रीय राज्य जिला ओलंपिक संघ इस दिन कोई खेल गतिविधि नहीं कर पाती है। यह बेहद दुर्भाग्य की बात है। खेल संघों में राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से खेलकूद की स्पर्धा का आयोजन नहीं हो पाना खेलकूद के साथ ही आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। छत्तीसगढ़ में राज्य ओलंपिक संघ से कहीं अधिक विभिन्न जिलों के ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के वर्तमान अध्यक्ष भूतपूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। उन्होंने अध्यक्ष की बागडोर तब संभाली थी जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी। अब 2023 में प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के हाथों सत्ता सौंप दी है। श्री बघेल विधानसभा चुनाव के 6 माह पूर्व से अब तक माने पिछले एक वर्ष से ओलंपिक संघ की गतिविधि से लगभग दूर है। इससे छत्तीसगढ़ के बच्चों, किशोरों, युवाओं का खेल भविष्य प्रभावित हो रहा है। उनका कार्यकाल संभवतः अगस्त 2024 तक है। अतः या तो उन्हें सक्रिय होना चाहिए। अन्यथा अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए ताकि ओलंपिक कमेटी का उद्देश्य आगे बढ़ो, सीखो, खोजो चरितार्थ हो सके।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीरंगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

**रायपुर,24 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के केनाल लिंक रोड स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम और वन मंत्री श्री केदार कश्यप भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रानी दुर्गावती नारी शक्ति की प्रतीक थी और उन्होंने मुगलों का डट कर मुकाबला किया। हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि वो जनजातीय समाज से थी। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान हम सभी देशवासियों को प्रेरित करता है।



## एक नजर

### घर में घुसकर चोरी,आरोपी पकड़ाया



**भिलाई, 24 जून।** भिलाई नेहरु सुपेला थाना क्षेत्र नेहरु नगर के एक घर में घुस कर बैग में रखे 35 हजार रुपए चोरी करने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 22 जून को डिकेश्वर साहू निवासी नेहरू नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि घर के बैग में रखे 35 हजार रुपए को अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में विवेचना कर रही थी कि इसी दौरान मुखबीरसे सूचना मिली कि एक व्यक्ति नेहरू नगर चौक के पास जेब में काफी पैसे रखा, जिसके बातो से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह कही से चोरी किया है। सूचना पर मौके पर पहुंच कर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी दुर्गेश यादव (31 वर्ष) निवासी ग्राम खर्रा तहसील पाटन से बारिकी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि प्रार्थी के घर से नगदी रकम चोरी किया है,उसके कब्जे से पुलिस ने 10000 रुपए नगद बरामद किया और बाकी पैसे खर्च होना बताया

### खराब कोयला सप्लाई,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 24 जून।** भिलाई कंपनी को खराब क्वालिटी का कोयला भेजने के मामले मे रिपोर्ट पर जामुल पुलिस ने ट्रक मालिक व चालक के खिलाफ धारा 407, 511 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि सुदिप्ता मंडल (50 वर्ष ) निवासी एसीसी कालोनी जामुल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि एसीसी कंपनी जामुल में कोयले की सप्लाई ठेकेदार व रहमान ट्रांसपोर्ट कंपनी महावीर नगर कोटा राजस्थान के माध्यम से किया जा रहा था ट्रांसपोर्टर के माध्यम से उनके कंपनी एसीसी को लगातार खराब क्वालिटी का कोयला भेजा जा रहा था जिस संबंध में अवगत कराया गया था, परंतु वर्धमान ट्रांसपोर्ट कंपनी ने कोयले के क्वालिटी में किसी प्रकार का सुधार नहीं किया 1 जून को वाहन से ट्रांसपोर्ट किये गये कोयले में हेराफेरी/चोरी किया गया था, जिसके कारण कंपनी को लगातार आर्थिक नुकसान हुआ।

### पुलिस अधिकारी के नाम पर ठगी

**भिलाई, 24 जून।** भिलाई अमलेश्वर थाना अंतर्गत एक युवक से अनजान व्यक्ति ने पुलिस अधिकारी का झांसा देकर 1.25 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि ग्राम-अमश्लेश्वर डीह निवासी हेमंत साहू (22 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 मई को अपना मोबाइल चला रहा था तथा प्रार्थी से गलती से कुछ साइट खुल गया था बाद में कुछ देर बाद प्रार्थी के मोबाइल नंबर पर अनजान नंबर से कॉल आया और बोला कि वह पुलिस अधिकारी है और कल अश्लील साइट ओपन किया है इसलिये आपके विरूध्द केस हो गया है उस केस से बचने के लिए तत्काल 2 लाख रुपए मेरे द्वारा भेजे गये क्यूआर कोड पर स्कैन कर डाल दो। प्रार्थी ने वाट्सएप में आए अनजान व्यक्ति के मोबाइल के क्यूआर कोड में किश्त में 10 हजार, 20 हजार, 55 हजार, 15 हजार, 15 हजार, 5 हजार, 5 हजार कुल रकम 125000 रुपए डाल दिया। प्रार्थी को बाद में ठगी का एहसास होने पर रिपोर्ट दर्ज कराया है ।

### नदी किनारे सड़ी-गली लाश मिली

**भिलाई, 24 जून ।** भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत नदी किनारे एक सड़ी-गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई शव 4 से 5 दिन पुरानी बताई गई है शव से बदबू आ रही थी पुलिस ने शव को सुपेला मरच्युरी में भेजा, शव ज्यादा सड़ जाने से राजनांदगांव मेडिकल भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि आत्महत्या या फिर हत्या हुई है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है नंदिनी पुलिस ने बताया कि शिवनाथ नदी एक बाड़ी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव पूरी तरह से फूल गया था शव को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के मरच्युरी भेजा गया मृतक के दाहिने हाथ में गुदना से मां, बाए हाथ में दिल बना है मृतक नीला जींस पेंट, नीला इनर पहना है नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि शव सम्भवत बह के आया है शव 4 से 5 दिन पुराना है शव की उम्र 40 से 50 वर्ष है शव को पोस्टमार्टम के लिए राजनांदगांव मेडिकल भेज दिया है पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी हुई है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भिलाई, 24 जून।** भिलाई तीन जीआरपी थाना क्षेत्र चरोदा के पीपी यार्ड नर्सरी के पेड़ में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है भिलाई तीन जीआरपी टीआई राजाकुमार बोर्झा ने बताया कि शंकर ठाकुर (38 साल ) पीपी यार्ड के नर्सरी में पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा कर शव को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के मरच्युरी में भेजा गया है।

### रविवार को भी टैक्स वसूलने दो दर्जन कर्मचारियों ने घर-घर दी दस्तक

**दुर्ग, 24 जून।** नगर पालिक निगम।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर राजस्व वसूली को लेकर दुर्ग निगम का अभियान आज रविवार को अवकाश के दिन भी जारी रहा। निगम के राजस्व विभाग अमला ने रविवार को बकायादारों के कार्यालय में बैठकर एवं घर-घर पहुंचकर राजस्व वसूली किया। राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता व सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर नेतृत्व में वसूली को लेकर निगम अमला सुबह से सक्रिय रहा।सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि बड़े बकायादारों से निरंतर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।इस कड़ी में आज बड़े बकायदारों से लगातार संपर्क किया गया है।सालों से टैक्स नही भुगतान करने वाले करदाताओ से टैक्स जमा करने कहा गया।आज रविवार अवकाश के दिन भी भ्रमण पर निकले उन्होंने सूर्या होटल यूजर चार्ज 2018 से बकाया 96000 रुपये भुगतान करने अप्रोच किया गया।संजय सायकल धमधा नाका में जांच किया गया।यहा नाप करके टैक्स जमा करना है।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बारिश में भीगते वार्ड के लोगों के घर-घर जाकर नवीन राशन कार्ड प्रदान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 24 जून।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र वार्ड क्रमांक 16 के पाली पारा पहुचे। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बरसात, भीगते पानी मे ही वार्ड के निवासियों के घर-घर पहुच कर राज्य शासन की प्रचलित नवीन राशन कार्ड का हितग्राहियों के घर पहुचा कर दिए। यह पहली बार है जब कोई उप मुख्यमंत्री या मंत्री ने घर में जाकर हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदान किया है। बता दे कि दो तीन दिन पहले उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ समाज के हर वर्गो तक पहुचाने का विशेष जोर दिए है । उपमुख्यमंत्री श शर्मा इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि राशन कार्ड वितरण से गरीब परिवारों को सस्ता और सुलभ राशन उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सुनिश्चित करेगी कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे और सभी को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वितरण प्रक्रिया को कुशल बनाया जाए ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर राशन मिल सके। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड वितरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो और सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर राशन कार्ड मिले। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, राजेन्द्र सलुजा, कैलाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनिराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, पार्षद रिंकेश वैष्णव, प्रमोद शर्मा, उमंग पाण्डेय, सुनील साहू, सौरभ सिंह, हेमचंद चंद्रवंशी, अजय ठाकुर सहित समस्त पार्षदगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## वैशाली नगर कॉलेज में मनाया गया योग दिवस



**भिलाई, 24 जून।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ श्रीमती अल्का मेश्राम के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि योग प्रशिक्षक आई. डी. मित्तल थे। शुभारंभ गायत्री पाठ से किया गया। योग प्रशिक्षक ने सर्वप्रथम योग के बारे में सामान्य जानकारी दी तत्पश्चात योग प्रशिक्षण के तहत विभिन्न योगासन द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। उपस्थित सभी छात्र छात्राओं, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों ने उनके मार्गदर्शन में योग अभ्यास किया । अंत में उन्होंने सभी से शांति पाठ का वाचन कराया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में योग का महत्व बताते हुए सभी को स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी। प्राचार्या द्वारा सभी को योग दिवस की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम के आयोजक महेश कुमार अलेंद्र, सुरेश ठाकुर तथा यशवंत देशमुख थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिनेश कुमार सोनी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ किरण रामटेके, डॉ आरती दीवान, डॉ एम एस पटेल, प्रो कौशल्या शास्त्री, डॉ शिखा श्रीवास्तव, डॉ भूमिराज पटेल, डॉ अल्पा श्रीवास्तव, डॉ मीनाक्षी भारद्वाज, डॉ अजय मनहर, प्रो अत्रिका कोमा, प्रो अमृतेष शुक्ला, ग्रंथपाल दानेश्वर वर्मा महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## विधायक कार्यालय में मनोज साहू स्वेच्छानूदान राशि पाकर हुए खुश



**कवर्धा, 24 जून।** कवर्धा विधायक कार्यालय में कैलाश नगर के मनोज साहू स्वेच्छानूदानराशि दस हजार का चेक पाकर खुश हुए और डिप्टी सीएम विजय शर्मा की तारीफ की । प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा सदस्य नरेंद्र माणिकपूरी ने बताया की स्वेच्छानूदानराशि वितरित की जा रही है और चुनाव आचार सहिता के कारण हितग्राहियों को चेक नही मिल पाया था और वर्तमान में चेक वितरित की जा रही है । स्वेच्छानूदानराशि में चेक वितरण के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल और कवर्धा विधायक निज सहायक जागेश्वर साहू उपस्थित रहे । खास बात यह देखा गया की मनोज साहू का कार से एक्सीडेंट हो गया था और ऐसे व्यक्ति को मिलना बहुत अच्छी बात जनमानस में कही जा रही है । खासकर ऐसे लोगो को मिल रहा है जो जरूरतमंद है ।

# कलेक्टर ने उल्टी-दस्त से प्रभावित ग्राम बहरमुड़ा पहुंचकर लोगों से जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,24 जून।** कलेक्टर जनमेजय महोबे आज कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम बरहमुड़ा में उल्टी-दस्त से प्रभावित ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुधार की जानकारी लेने पहुंचे। उन्होने ग्राम बहरमुड़ा में उल्टी-दस्त को प्रभावित रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने इन विभागों को ग्राम सहित आसपास के गांवों में भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होने ग्राम बहरमुड़ा के प्राथमिक स्कूल में बनाए गए अस्थायी स्वास्थ्य कैंप का भी अवलोकन किया और वहां उपचार के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्थायी कैपं में तैनात चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमलों से उल्टी-दस्त से प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य सुधार के बारे में पूरी जानकारी ली। कलेक्टर से ग्राम बहरमुड़ा के ग्रामीणों ने ग्राम सचिव की बेहद और गंभीर शिकायत की। कलेक्टर ने ग्राम सचिव के विरूद्ध मिली शिकायत की जांच करने के लिए जिला पंचायत सीईओ को शिकायतों की सभी पहलुओं की जांच करने के निर्देश दिए है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि ग्राम बहरमुड़ा में 21 जून को उल्टी दस्त से 10 मरीज, 22 जून को 18 मरीज और 23 जून को 2 मरीज कुल 30 लोगों का अस्थायी स्वास्थ्य कैंप में बेहतर उपचार किया गया और प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सकुशल छुट्टी दी गई। वर्तमान में उल्टी-दस्त से कोई गंभीर पीडित नहीं है। कलेक्टर श्री महोबे ने ग्राम के सभी घरों में स्वास्थ्य अमला भेज कर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराने और उल्टी-दस्त के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उनहोने अस्थायी कैंप में 24 घंटे चिकित्सक सहित स्वास्थ्य अमलों को अलर्ट रहने के सख्त निर्देश दिए है।कलेक्टर ने उपस्वास्थ्य केन्द्र बुटकुली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदौरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में भी उल्टी-दस्त एवं मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियों सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री महोबे ने ग्राम बहरमुड़ा के सभी शासकीय एवं निजी जल स्त्रोंतों को जल परीक्षण कराने के लिए पीएचई विभाग को निर्देश दिए। साथ ही सभी जल स्त्रोंतों को क्लोरिनेशन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम के 9 हैण्डपंप का जल परीक्षण का सैम्पल लिया गया है। और ग्राम के 16 स्त्रोतों को क्लोरिनेशन किया गया है।पीएचई एसडीओ डीएस राजूपत ने बताया कि ग्राम बहरमुड़ा की कुल आबादी 2081 हैं तथा परिवारों की संख्या 463 है। ग्राम में पेयजल आपूर्ति के लिए 16 जल स्त्रोत है, जिसमें 6 पाउर पंप, एक सोलर पंप और 9 हैण्ड पंप है। इसके अलावा ग्राम में निजी बोर जल स्त्रोत कुल 33 जल स्त्रोत हैं। कलेक्टर के निर्देश पर जल स्त्रोतों को क्लोरिनेशन का काम किया जा रहा है। पानी टंकी का भी क्लोरिनेशन किया गया है। सभी 33 जल स्त्रोंतो का परीक्षण के लिए सैम्पल लिए गए है, जांच रिपोर्ट अभी नहीं आई है।

# जिले के123 अमृत सरोवर स्थलों पर योग दिवस का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,24 जून।** कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा ऋचा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में पूरे जिले में योग दिवस के आयोजन किया गया । जिला पंचायत अश्वनी देवांगन ने बताया कि राज्य स्तर से इस आयोजन के विस्तृत दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं जिनके तारतम्य में जनपद पंचायतों के आवश्यक गतिविधियों में योग दिवस का आयोजन किया गया । जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि जल संरक्षण के लिए भारत सरकार की एक योजना है । इसे 24 अप्रैल 2022 को लॉन्च किया गया था । 15 अगस्त 2023 को पूरा हुआ इस योजना का मकसद अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण लोगो की भागीदारी और जल निकायों से निकली मिट्टी का सही उपयोग कराना रहा है। इस क्रम में गत वर्ष 123 अमृत सरोवर ब्लाक 36 दुर्ग, 37 पाटन एवं 50 धमधा में निर्माण कार्य स्वीकृति किया गया उन ग्राम पंचायतों में आयोजित में विश्व योग दिवस के आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक अमृत सरोवरों के तट पर योग के सामान्य आसन, प्राणायाम और ध्यान आदि के सहज क्रियाओं का अभ्यास किया गया । ग्रामीणों एवं आम जनों को योग के लाभ का महत्व बताते हुए उन्हें योग के प्रतिदिन अभ्यास से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए परिचर्चा और गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसका मूल उद्देश्य आम जनों को योग के प्रयोग से आम जीवन में निरोगी रहने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत में जल संरक्षण की दिशा में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य किया गया और ग्रामीणों को पर्यावरण से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। अमृत सरोवर के किनारे पौधे रोपण किया गया साथ इस व्यायाम हेतु निर्माण कार्य कराया गया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी मॉर्निंग वॉक हेतु पथ का निर्माण किया जा सके । इसमें ग्रामीणों को योग के कई फायदे के बारे में बताया गया जिससे कि वह शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्तर पर लाभ ले सके। मनरेगा के काम की थकाना के बाद मानसिक फायदे देने हेतु योगाभ्यास कर मन को शांत करने और तनाव कोकम करने में मदद करता है। नियमित योग करने से मानसिक स्पश्ता एकाग्रता में सुधार करने शरीर के प्रति जागरूकता किया गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ग्राम पंचायत चिंगरी, जनपद पंचायत दुर्ग, आयोजित योग दिवस का स्थान अमृत सरोवर चिंगरी, सरपंच का नाम श्रीमती पुष्पा देशमुख, सचिव श्री कुलेश्वर प्रसाद साहू, रोजगार सहायक सुश्री सीमा रानी देशलाहरा, पंच श्रीमती विजयलक्ष्मी साहू, प्रतिनिधि नरोतम निर्मलकर उपस्थित रहें । अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, ग्राम पंचायत पुरई, जनपद पंचायत का नाम दुर्ग अमृत सरोवर बांधा तालाब पुरई आयोजित योग दिवस का स्थान , सुनीता निर्मलकर, सरपंच का नाम रू उमा रिगरी, उपसरपंच का नाम रू शीतला ठाकुर, पंच का नाम पुष्पा साहू,रोजगार सहायक का नाम रू उज्जियाला सिंह टंडन, सकुन साहू,सोनम, सामली पटेल , मंजूषा साहू, उर्मिला देवांगन ,भारती साहू ,बेदबती सप्रे रमा निषाद,राधा यादव, लालेसर बाई उपस्थित रहे।

### मनवा कुर्मी समाज की अहम जिम्मेदारी मिली केदार कश्यप को



**पाटन।** पाटन राज मनवा कुर्मी समाज के कार्यकारिणी की घोषणा राज्य प्रधान युगल किशोर आडिल ने किया । इसमें सबसे महत्वपूर्ण पद राज्य मंत्री की जिम्मेदारी समाज के वरिष्ठ केदार कश्यप को दिया गया । बता दें कि केदार कश्यप लगातार पाटन राज मनवा कुर्मी समाज से जुड़े हुए हैं एवं विभिन्न पदों को सुशोभित करते हुए जिम्मेदारी से काम भी किए हैं। इससे पहले केदार कश्यप समाज के कार्यालय प्रभारी, सचिव, कोषाध्यक्ष, सहायक निर्वाचन अधिकारी का कार्य संभाल चुके है।

## गुरुद्वारा पाली क्लिनिक को विधायक रिकेश ने भेंट की इलेक्ट्रॉनिक डेंटल चेयर



**भिलाई, 24 जून।** गुरुद्वारा नानकसर नेहरू नगर परिसर में संचालित मात्र 50 रुपये की फीस से सभी तरह के निःशुल्क उपचार और दवा देने के सेवा कार्य में संचालित गुरु नानक चैरिटेबल पाली क्लिनिक को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इलेक्ट्रॉनिक डेंटल चेयर प्रदान की है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हम सभी अपना पहला वेतन या व्यापार में पहली कमाई को अपने माता पिता को देते हैं चूंकि मेरे माता पिता अब नहीं रहे तो विधायक के रूप में मैंने अपने पहले मानदेय से नेहरू नगर गुरुद्वारा कमेटी को शव फ्रीजर लाने ले जाने के लिए ई रिक्शा वाहन खरीदकर जनसेवा में समर्पित किया था। इसी दौरान गुरुद्वारा कमेटी द्वारा गुरूद्वारा चैरिटेबल पाली क्लिनिक से की जा रही सेवाओं का अवलोकन का अवसर मुझे मिला। यहां मैंने देखा कि ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, फार्मेसी, एक्स-रे, आर्युवेद, होम्योपैथी की सेवाएं बेहतर ढंग से की जा रही हैं। हाल ही में यहां दंत रोगियों के लिए भी चिकित्सा सुविधा शुरू की गई है। अत्यंत ही कम दर पर रोगियों की सेवा के लिए समर्पित इस पाली क्लिनिक को आज मैंने 2 लाख रुपये की इलेक्ट्रॉनिक डेंटल चेयर प्रदान की है क्योंकि चिकित्सा जगत में अत्याधुनिक उपकरणों की आवश्यकता अब महसूस की जा रही है। डेंटल चेयर पहले सिम्पल होती थीं फिर हाइड्रोलिक और अब इलेक्ट्रॉनिक चेयर आ रही है। डेंटल क्लिनिक में अत्याधुनिक डेंटल चेयर होने से समीपस्थ क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा और वे अत्यंत कम दर पर दंत चिकित्सा का यहां लाभ ले सकेंगे।

## डॉ मुखर्जी के विचार आज भी भाजपा में होते हैं प्रतिबिंबित:रिकेश



**भिलाई, 24 जून।** आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 71वीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के वैशाली नगर मंडल ने श्री जैन श्वेताम्बर मंदिर परिसर भवन में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मौजूद वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने कश्मीर को लेकर जो अलख जगाई थी, उन्होंने जो नारा दिया था कि सम्पूर्ण कश्मीर भारतवर्ष का अभिन्न अंग है, इस सोच की सम्पूर्ण भारतवासियों में अलख उन्होंने जगाई थी। जनसंघ की स्थापना कर उन्होंने हम सभी को एक बेहतर विचारधारा से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। डॉ मुखर्जी की ही सोच और बताए गए मार्ग पर चलकर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने कश्मीर से धारा 370 जैसे कानून को खत्म करवाया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारतीय राजनीति और समाज में उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और समय से आगे की सोच के लिए जाना जाता है। उनके जीवन और कार्यों ने दिखाया कि वे न केवल अपने समय के मुद्दों को समझते थे बल्कि भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का भी गहरा ज्ञान रखते थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल के विभाजन के समय हिंदू बहुल क्षेत्रों को भारत में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारे देश के लिए डॉ मुखर्जी की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। उनके विचार आज भी भारतीय जनता पार्टी और अन्य राष्ट्वादी संगठनों में प्रतिबिंबित होते हैं। कार्यक्रम में शंकरलाल देवांगन, प्रवीण पाण्डेय, अरविंद जैन, शिवसागर मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक, मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, दिनेश मिश्रा, मिथिला खिचरिया, मंजू दुबे, मोतीलाल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, सुंदरलाल साहू, शैलेंद्र सिंह, ललिता पिल्ले, गुरनाम सिंह, मुरलीधर गुलहाने, अवतार सिंह, विजय वर्मा, अखिलेश सिंह, नमिता हांडा, स्नेहा शाह, मनीषा राठी, अन्नू राणा, एल ज्योति, भारती साहू, ज्योति कश्यप, भारती देशमुख, आशा हिरवे, रामा राव, दिलेश्वर राव, नंदू टंडन, पवन सिंह, रिंकू पाल सिंह, कुलवंती सिंह सहित बड़ी संख्या में वैशाली नगर मंडल के भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में नए कानूनों की जानकारी दी गई

**भिलाई, 24 जून।** भिलाई एक जुलाई से प्रभावी होने वाले नवीन भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में जानकारी देने के लिए साइंस कालेज के सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन हाल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमें कालेज के प्राध्यापक और विद्यार्थी के साथ ही आम लोग भी उपस्थित हुए कार्यशाला में दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर और दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने नवीन कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी संभागायुक्त राठौर ने कहा कि कानून के बारे में सामान्य जानकारी जरूरी है साथ ही उपस्थित लोगों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनके शंका का समाधान भी किया कार्यशाला में दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने बताया कि सभी को इस समाज में इस कानून के दायरे में ही रहना है।लेकिन हम इस कानून के बारे में बिल्कुल कुछ भी नहीं जानते हम अनजाने में वो अपराध कर बैठते हैं जो हमको पता भी नहीं रहता इससे अनावश्यक तौर पर धन और समय का नुकसान होता है उन्होंने बताया कि जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नए कानून के प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसमें सभी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और लोगों को जागरूक करें वहीं दुर्ग रेंज के आइजी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि नवीन भारतीय न्याय संहिता आम जनता को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है जिससे आम जनता को न्याय मिलने में विलंब न हो पुलिस एवं न्यायालय के लिए समय निर्धारित किया गया है। महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराध को अलग-अलग स्पष्ट करते हुए परिभाषा को एकजुट किया गया है। जिसमें बच्चों की परिभाषा दी गई कि बच्चा कौन है, महिलाओं से संबंधित अपराधों में दंड का प्रविधान करते हुए महिलाओं से संबंधित अपराधों को कठोर बनाया गया है आइजी ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कहीं अपराध होता है और आप यदि घर पर उपस्थित नहीं हैं तो जहां पर उपस्थित हो वहां पर आप एफआइआर करवा सकते हैं। यदि आपके घर में चोरी या घटना-दुर्घटना होती है तो आप रजिस्टर्ड ई-मेल के माध्यम से पुलिस के रजिस्टर्ड ई-मेल या वॉट्सएप के माध्यम से सूचना भेज सकते हैं और तीन दिवस के अंदर पुलिस आपकी शिकायत की जांच करेगी तीन दिवस के भीतर पुलिस आपको जानकारी देगी कि आपके द्वारा प्रस्तुत सूचना पर एफआइआर हुई है या नहीं उक्त सूचना देने के बाद तीन दिन के भीतर थाने में उपस्थित होकर आपको हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने भारतीय साक्ष्य अधिनियम जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपकी आपके घर या व्यवसायिक स्थान या अन्य जगह की तलाशी ली जाती है तो उसकी अनिवार्य रूप से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की जाएगी जो कि न्यायालय में भी मान्य होगा। इससे प्रकरण के निराकरण में विलंब नहीं होगा और जल्द से जल्द आरोपी को सजा भी हो जाएगी

## सेल एमटीआई रांची ने आईआईएम रायपुर के साथ एमओयू किया



**भिलाई, 24 जून।** सेल -प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रांची और भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर (आईआईएम रायपुर) के बीच एक एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) साइन किया गया, जिसके तहत आईआईएम रायपुर द्वारा एमटीआई को अपने चयनित कर्मचारियों के लिए आगामी तीन वर्षों के लिए लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सेल के निदेशक (कार्मिक) के के सिंह वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा की गई। यह एमओयू 22 जून को इस्पात भवन में साइन किया गया। सेल-एमटीआई, रांची की ओर से मुख्य महाप्रबंधक संजय धर और निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने एमओयू पर साइन किए। इस अवसर पर डीन प्रोफेसर सत्यसिबा दास, अध्यक्ष प्रोफेसर वर्षा मैडि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं कार्यपालक निदेशक बी के गिरी उपस्थित थे। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर सहित सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र और आईआईएम रायपुर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए सेल के निदेशक के के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह समझौता ज्ञापन लर्निंग एंड डेवलपमेंट, टीम वर्क, सहयोग और संचार के साथ किसी भी संगठन को बदलने में सक्षम है और यह काफी मददगार साबित होगा। यह लोगों को भविष्य में किए जाने वाले बदलावों का प्रबंधन करने में मदद करेगा। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि यह समझौता लोगों को अन्य संगठनों के लोगों के साथ बेहतर ढंग से जुड़ने में मदद करेगा। तकनीकी और व्यावहारिक परिवर्तन और ईएसजी के युग में आईआईएम हमारी वृद्धि में भागीदार होगा। उन्होंने कहा कि यह सहयोग हमें एक साथ सफल होने में मदद करेगा।

# सामाजिक समरसता का अभियान सुदर्शन का जीवन मंत्र था: मुख्यमंत्री

**आरएसएस के पंचम सरसंघचालक सुदर्शन की स्मृति में दशम राष्ट्रीय व्याख्यान आयोजित**

**रायपुर, 24 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आरएसएस के पंचम सरसंघचालक स्वर्गीय श्री सुदर्शन जी की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ''भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति'' विषय पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता आरएसएस के सह सरकार्यवाह श्री रामदत्त चक्रधर थे। उन्होंने व्याख्यान में कहा कि मूल्य आधारित परिवार व्यवस्था भारत की शक्ति है, परिवार भारत देश की धुरी है। परिवार एक होगा, तो देश एक होगा। दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में श्री सुदर्शन प्रेरणा मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यक्षेत्र के संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और श्री सुदर्शन प्रेरणा मंच के मार्गदर्शक डॉ. राजेंद्र दुबे मंच पर उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सरसंघचालक श्री सुदर्शन जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता का अभियान श्री सुदर्शन जी का जीवन मंत्र था। वे समरसतापूर्ण समाज के स्वप्न दृष्टा थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा श्री सुदर्शन जी के अनेक संस्मरण मुझे आज याद आ रहे हैं। उनसे मिलने से सदैव कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती थी। किसी जनप्रतिनिधि से मिलते थे तो शासन द्वारा जनता के हित काम करने की सलाह देते। वे बड़े सहज और सरल व्यक्ति थे, उनसे मिलने में किसी को हिचक नहीं होती थी। एक बार कोई उनसे मिल ले तो उनसे बड़ा प्रभावित हो जाता था। उन्होंने इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण की थी इसलिए नई तकनीक, विज्ञान के विषयों पर भी उनका अध्ययन था। कोई ऐसा विषय नहीं था जिस पर उनका गहरा अध्ययन नहीं था। आज दुनिया जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण को लेकर चिंतित हुई है, 30 साल पहले सुदर्शन जी पानी बचाने, पेड़ लगाने, पर्यावरण बचाने, जैविक खेती की बातें कहते थे। उनका छत्तीसगढ़ की मयारू भूमि से निकट का संबंध रहा है। व्याख्यान के मुख्यवक्ता श्री रामदत्त ने ''भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति'' विषय पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि भारत में उत्कृष्ट जीवन मूल्य विकसित हुए, जो परिवार में देखने को मिलता है। पश्चिमी देशों में हथियार लेकर बच्चे स्कूल जाते हैं, गोलीबारी में प्रतिवर्ष 40 हजार बच्चे मारे जाते हैं। अमेरिका में पिताहीन बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जबकि भारत में परिवारों में बच्चों को चरित्रवान बनाया जाता है। ग्रीक के यात्री मेगास्थानिज ने लिखा था कि भारत के लोग चरित्रवान हैं, अंग्रेज अधिकारी मैकाले भी यही कहता था। अंग्रेज इसी शक्ति को तोड़कर यहां अपना शासन स्थापित करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि भारत देश में स्त्री को माता मानते हैं। रामायण में लक्ष्मण जी का प्रसंग आता है जिसमें वे अपनी भाभी का सिर्फ पैर देखने की बात कहते हैं। स्वामी विवेकानंद, छत्रपति शिवाजी के जीवन में भी इसी भाव के अनेक उदाहरण मिलते हैं। केवल पौराणिक या ऐतिहासिक नहीं आज के सामान्य लोगों के जीवन में उच्च जीवनमूल्य के दर्शन होते हैं।




# बच्चे हों मोटिवेट इसलिए प्राचार्य ने बनाया लड़ाकू राफेल का मॉडल

**■ वाटरप्रूफ और लाइट के साथ आकर्षक राफेल को देख बच्चे हो रहे उत्साहित**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव , 24 जून ।** नगर में शहर के हृदय स्थल रेलवे स्टेशन के समीप स्थित वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल में लड़ाकू विमान राफेल का मॉडल बनाया गया है । उक्त मॉडल को किसी प्रदर्शनी में इनाम जितने के की नहीं बल्कि बच्चों को विज्ञान प्रदर्शनी में अधिक से अधिक प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से स्वयं संस्था प्राचार्य अजीत स्कॉट द्वारा बनाया गया है । आकर्षक एवं हुबहू राफेल को वाटरफ्रूफ के साथ जगमग लाइट से सुसज्जित किया गया है । इसे प्रार्थना स्थल पर जमीन से लगभग 12 फीट उपर स्थापित किया गया है । संस्था प्राचार्य अजीत स्कॉट ने बताया कि उनकी संस्था को सीबीएसई द्वारा हाईब्रीड लर्निंग हेतु चुना गया है । विशेष रूप से कक्षा पांचवीं तथा आठवीं के बच्चों की शिक्षा का राष्ट्रीय स्तर पर आंकलन किया जाएगा । सेंट्रल बोर्ड की दूरगामी एवं महत्वाकांक्षी योजना सफल एसेसमेंट के तहत बच्चों के भविष्य का निर्माण करेगी । श्री स्कॉट ने बताया कि विशेष योजना के तहत कक्षा आठवीं में प्रवेश प्रारंभ है । बच्चों को सेंट्रल बोर्ड के दिशा निर्देश के अनुसार प्रशिक्षित शिक्षक लैपटॉप आदि सुविधा सहित शिक्षा प्रदान करेंगे । इसे हाईब्रीड लर्निंग का नाम दिया गया है । राफेल को लेकर प्राचार्य श्री स्कॉट का कहना है कि इन दिनों बच्चों की रुचि साइंस मॉडल के प्रति नकारात्मक दिखाई पड़ रही है । बच्चों को इस मॉडल की खूबियां बताते हुए साइंस एग्जीबिशन के प्रति उत्साह का संचार किया जा सकता है । मॉडल को बनाने में स्कूल के लैब असिस्टेंट विनोद पाटले तथा कारपेंटर अशोक वर्मा का सहयोग भी प्राचार्य को सकारात्मक रूप से प्राप्त हुआ है ।



## एक नजर

### छीरपानी कार्यालय के पास मिला अज्ञात शव, पुलिस जांच में जुटी

**डोंगरगढ़ 24 जून।** आज सुबह 9 बजे सूचना मिली कि ऊपर मंदिर छीरपानी कार्यालय के पास एक अज्ञात व्यक्ति सोया हुआ है लेकिन हिलाने पर नही उठ रहा है। जिसके बाद हॉट बाजार एम्बुलेंस के कर्मचारी से चेक करवाने पर उसे मृत बताया गया। इसके बाद पुलिस को तत्काल सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुंची और देखा तो किसी प्रकार का शरीर पर चोंट का निशान नहीं था ना ही पास में किसी तरह का दस्तावेज जिससे उसकी पहचान हो सके। मौत का कारण भी अब तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। मृतक गुलाबी शर्ट, अंदर हॉफ नीला पेंट, दाएं हाथ मे चील पक्षी बना हुआ, अंगूठे के ऊपर माँ लिखा हुआ शेर का निशान के साथ साथ टी आर लव यू भी लिखा हुआ है। जिस किसी को भी मृतक के विषय मे कोई जानकारी मिलती हैं तो थाना डोंगरगढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

### सुकमा जिले में आईईडी ब्लास्ट में दो जवानों की शहादत को मुख्यमंत्री ने किया नमन

**रायपुर, 24 जून।** सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में दो कोबरा जवानों की शहादत को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नमन किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। नक्सलवाद के खात्मे तक हम चुप नहीं बैठेंगे।

### खेलों को बढ़ावा देने और इसकी पर्याप्त अधोसंरचना उपलब्ध कराने तेजी से हो रहा कार्य: वन मंत्री

**रायपुर, 24 जून।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे है। यह बात स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित इंटरनेशनल ओलम्पिक डे के समापन अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने कही। कार्यक्रम में खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा अपरिहार्य कारणों से राज्य के बाहर अन्यत्र कार्यक्रम में होने के कारण इस कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, उन्होंने खेल संचालक के माध्यम से रायपुर खेल अकादमी के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं संप्रेषित की। मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और इसके लिए पर्याप्त अधोसंरचना तैयार करने की मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप तेजी से कार्य किया जा रहा है। खेल संचालनालय परिसर में 100 सीटर आवासीय अकादमी संचालित है, जिसमें अभी 30 सीटर आर्चरी के लिए है। इसके साथ ही इसमें अतिरिक्त सीटों में 25 सीटर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी, 25 सीटर आवासीय हॉकी अकादमी एवं 20 सीटर बालिका एथलेटिक अकादमी जल्द संचालित करने का निर्णय खेल विभाग द्वारा लिया गया है। खेल मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि इंटरनेशनल ओलम्पिक डे विश्व भर में 23 जून को मनाया जाता है। खेल विभाग ने प्रथम बार यह महत्वपूर्ण आयोजन किया, भविष्य में यह आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा और राज्य के सभी खेल संघों, मीडिया, सीनियर खिलाड़ियों एवं खेल जगत के लोगों को इस आयोजन से जोड़ा जाएगा। आज आयोजित प्रतिस्पर्धा में बालिका फुटबॉल अकादमी की सीनियर एवं जूनियर खिलाड़ियों के मध्य संपन्न हुई।

### रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण, पुराने स्वरूप में लौटा संयुक्त जिला कार्यालय

**रायपुर, 24 जून।** विगत दिनों बलौदाबाजार में हुई घटना से संयुक्त जिला कार्यालय को काफी क्षति पहुंची थी। इस क्षति को पूर्ण करते हुए आज रेस्टोरेशन कार्य आज पूर्ण हो गया है। संयुक्त जिला कार्यालय का भवन अब अपने पुराने स्वरूप में लौट आया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने व्यापक रणनीति बनाकर इस कार्य को अंजाम दिया है। जिसके तहत लोक निर्माण विभाग ने 24 घंटे कार्य कर इसे पूरा किया है। इसके साथ ही परिसर की सफाई सहित क्षति ग्रस्त जिला पंचायत कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में भी शत प्रतिशत रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण होने से कार्यालय में अलग सी चमक दिखाई दे रही है। रेस्टोरेशन कार्य के तहत निर्माण कार्य, पैराफिट, जली हुई एपीसी बोर्ड को हटाना, नया रेलिंग लगाना, पुट्टी के संग रंग रोगन, सीसीटीवी, ब्रांडबैंड, कांच बदलना, एसी, पंखे लगाना, लाइटिंग, जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से चयनित सहकारिता निरीक्षकों की हुई पदस्थापना

**रायपुर, 24 जून।** राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2022 के परिणाम के आधार पर सहकारिता विभाग में चयनित अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। नियुक्त उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक तीन वर्ष की परिवीक्षावधि पर की गई है। सहकारिता निरीक्षक के पद पर जिनकी नियुक्ति की गई है, उनमें शशांक तिवारी को कोरबा, गरिमा शर्मा को जांजगीर-चांपा, नितिन अग्रवाल को दुर्ग, अभिषेक कुमार सिन्हा को रायपुर, रूकसार बानो को मुंगेली, समृद्धि ताम्रकार को महासमुंद, मुकेश कुमार गुप्ता को रायपुर, मनीष कुमार रात्रे को बिलासपुर, सतानंद पाटले को मुंगेली, नितेश कुमार भगत को अंबिकापुर, इन्द्र कुमार को कांकेर, विनायक सिंह को बस्तर, शैलजा खलखो को सूरजपुर, घनेन्द्र कुमार साव को जशपुर और देवव्रत भार्गव को जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही शामिल है।

# छग शिक्षक पात्रता परीक्षा में हुई लापरवाही अधर में परीक्षार्थियों का भविष्य

**■ पर्यवेक्षक की लापरवाही से 45 मिनट विलंब से मिली उत्तरपुस्तिका**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा 24 जून।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित छः ग शिक्षक पात्रता परीक्षा में परीक्षार्थियों को व्यापमं द्वारा तय समय सारिणी में प्रश्न पत्र व उत्तरपुस्तिका विलंब से देने व पर्यवेक्षक द्वारा लापरवाही बरतने का बड़ा मामला सामने आया है बता दें कि पूरे प्रदेश भर में रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छः ग शिक्षक पात्रता परीक्षा(ष्ट्रत्ञ्जश्वञ्ज) आयोजित की गई थी जिसमें भखारा महर्षि वेदव्यास स्नाकोत्तर महाविद्यालय में बनाये गए परीक्षा केंद्र में हजारों परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें परीक्षार्थियों को 45 मिनट विलंब उत्तरपुस्तिका प्रदान किये जाने की शिकायत के स्वर उठ रहे है और व्यापमं द्वारा निर्धारित समय सीमा में उत्तरपुस्तिका ले लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है जिससे परीक्षार्थियों में मायूसी और आक्रोश पनपने लगा है वहीं परीक्षा देने आए परीक्षार्थी प्रमोद साहू,विजय साहू ने बताया कि छः ग शिक्षक पात्रता परीक्षा में हमारा भविष्य टिका हुआ है लेकिन उत्तरपुस्तिका 45 मिनट विलंब मिलने के कारण हमारे बहुत सारे प्रश्न छूट गए जिसके चलते हम चयनित होने से वंचित हो सकते है,जिससे हम आगे की पढ़ाई नहीं कर पाएंगे और हम गरीब मध्यम परिवार से आते हैं जो की शासकीय स्कूलों में ही पढ़ाई कर सकते हैं लेकिन पर्यवेक्षक के लापरवाही के चलते हमें 45 मिनट विलंब उत्तर पुस्तिका मिला और समय होते ही उत्तरपुस्तिका ले लिया गया उत्तरपुस्तिका की लेटलतीफी से छूटे प्रश्नों के उत्तर नही लिख पाने के कारण भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है हम शासन प्रशासन से मांग करते है कि दोषी लोगों के ऊपर जांच कर उचित कार्रवाई करें और हमें दोबारा मौका दे।




## योगाभ्यास में उत्साह से शामिल हुए स्कूली बच्चे एवं ग्रामीणजन



**राजनांदगांव 24 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उपखण्ड स्तर पर विभिन्न ग्रामों में योगाभ्यास किया गया। नवचेतन एवं नवोदय जनकल्याण समिति के योग प्रशिक्षकों ने ग्रामीणों एवं बच्चों के साथ सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत भवन एवं प्राथमिक शाला में योगाभ्यास कराया तथा प्रतिदिन योगाभ्यास एवं प्राणायाम के मिलने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से शरीर बेहतर एवं स्वस्थ रखा जा सकता है। जिस प्रकार शुद्ध पेयजल मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है। उसी प्रकार सुखी एवं रोग मुक्त जीवन जीने के लिए, व्यक्ति को नियमित योग करना आवश्यक है। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राएं, ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया और योग के महत्व को समझा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी को अपने जीवन में योग को अपनाने और दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जल का संरक्षण, स्वच्छ पानी का उपयोग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान जल संरक्षण, पौधरोपण, जल से होने वाले जल जनित रोगों, जल गुणवत्ता के संबंध में जानकारी दी गई।

## समाचार संक्षेप

### युवा लीडरशिप प्रोग्राम का आयोजन



**रायपुर 24 जून।** आज एक निजी सेमिनार हाल में प्योर और दोस्त की टीम के द्वारा युवा लीडरशीप प्रोग्राम का आयोजन किया गया. इस प्रोग्राम में विभिन्न विद्यालय और विश्वविद्यालय के चुने हुए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया . मैटस यूनिवर्सिटी के अन्नया चटर्जी और रविशंकर विश्वविद्यालय के पुजा सोनी ने मिलकर इस प्रोग्राम को कोआर्डिनट किया . रविशंकर विश्वविद्यालय के बीए एल एल बी के छात्रा संस्कृति सिंह ने सामुहिक संवाद में अपने विचार बताते हुये कहा कि हम युवाओं को अपने कैरियर के साथ सामूहिक ज़िम्मेदारी की भावना को लेकर छोट छोटे प्रयोग करने चाहिए. बीआईटी सेन्द्री धनबाद से आये टेक्नोलॉजी स्टूडेंट हर्ष कश्यप ने सभी कालेज और विश्वविद्यालय में इस प्रकार के इंटरएक्टिव प्रोग्राम की ज़रूरत पर प्रकाश डाला . एक प्राईवेट कंपनी में काम करने वाले युवा उद्यमी हर्ष मटरानी ने लगातार सुधार के साथ ऐक्सिलेंस की आवश्यकता बताई. युवा छात्र निखिलेश चटर्जी, होनेशा ठाकुर , श्रेया ठाकुर और नवया चंद ने असफलता का सकारात्मक तरीक़े से लेने के बाबत कहा कि इसी स्टार्टअप में सफलता मिलती है. कार्यक्रम में स्पीकर के रूप में डॉ सत्यजीत साहू, सुनील शर्मा, डॉ संगीता कौशिक, स्वाती देवांगन, सुरज दुबे , संजय चटर्जी, कमलेश चंद आपने वक्तव्य सबके सामने प्रस्तुत किये . युवा लीडरशीप ने भविष्य में सामाजिक सरोकारों के लिये छत्तीसगढ़ राज्य में किये जाने वाले दोस्त और प्योर टीम के सेवा अभियानों में भागीदारी का संकल्प लिया।

### सामुदायिक अस्पताल में भाजपा ने फल वितरण किया



**डोंगरगढ़ 24 जून।** 23 जून दिन रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शासकीय अस्पताल अछोली डोंगरगढ़ में सुबह 11 बजे फल वितरण कर श्री श्यामप्रसाद मुखर्जी जी की जीवनी पर श्री सुनील जैन जी ने अपना उद्बोधन दिया इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंह बन्नोआना , लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनील जैन चीकू ,डॉक्टर पन्नालाल बाफना , मधुसूदन अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष अमित जैन,नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबडा , शहर महामंत्री राकेश अग्रवाल,महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगढ, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ,श्रीमति अंचला सिंह ठाकुर ,विनीत यादव, मुकेश रामटेके , अमित बोस ,आवेश निगम महाकाल ,ग्रामीण मंडल महामंत्री कचरू राम साहू,ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष उपकर साहू एवं कार्यकर्ता गण मौजूद थे शासकीय अस्पताल में ड्यूटी पर डॉक्टर चौधरी जी मौजूद थे।

# चोरी के प्रयास में ग्राम कल्याणपुर का 1 आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 जून।** प्रार्थी प्रकाश कुमार विश्वकर्मा उम्र- 42 साल साकिन ग्राम कल्याणपुर थाना डोंगरगढ़ ने दिनांक- 21.06.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक- 04.06.2024 को रात्रि लगभग 12:30 बजे गांव का पृथ्वी कंवर का जो चोरी करने के नियत घर के खिड़की में लगे कांच को तोड़कर अंदर हाथ डालकर सिटकिनी को खोल दिया आवाज सुनकर पत्नि आई तो आरोपी अन्दर से कमरा का दरवाजा बंद कर खिड़की से कुदकर भाग गया फिर दिनांक- 18.06.2024 की रात्रि लगभग 11:30 बजे आरोपी पृथ्वी कंवर चोरी करने के नियत से छत के रास्ते से सीढ़ी से उतरकर घर अंदर आकर भाई के कमरे के दरवाजे का सिटकिनी को तोड़ने का प्रयास कर रहा था जागने पर आरोपी छत में चढ़कर कुद कर भाग गया कि रिपोर्ट पर अप0क्र0- 358/2024 धारा- 457, 380, 511 भादवि का अपराध पंजीबद्ध दर्ज कर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये आरोपी को पकड़ने हेतु टीम तैयार किया जिस पर दिनांक- 23.05.2024 को आरोपी पृथ्वी कंवर पिता स्व0 सुरज लाल कंवर उम्र- 22 साल साकिन ग्राम कल्याणपुर थाना डोंगरगढ़ को घेरा बंदी कर पकड़कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा, सउनि. एस.एम. कुरैशी, आरक्षक प्रयंश सिंह, चंद्रप्रताप सिंह, चन्द्रकांत सोनी, चमन साहू का विशेष योगदान रहा है।




# प्रासंगिक है सदगुरु कबीर साहेब की जीवनी:कुलबीर

**■ शांतिनगर में आयोजित कबीर प्राकट्य समारोह में शामिल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 जून।** शांतिनगर वार्ड नं. 10 में संत शिरोमणी गुरू कबीर साहेब जी की 627वां प्राकट्य समारोह का आयोजन भारतीय कोसरिया मानिकपुरी समाज द्वारा किया गया, जिसमें संत साहेब अमरदास ओगरे व महंत भीमदास जी साहेब द्वारा चौक-आरती के साथ संपन्न कराया। समारोह में बतौर आतिथ्य के रूप में शामिल होकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने संत शिरोमणी संत कबीर साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की तत्पश्चात महंत संत साहेब जी को शॉल-श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया।

कबीर प्राकट्य समारोह को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि संत शिरोमणी कबीर दास जी महज एक नाम नहीं हैं वह मानवता की एक पूरी मिसाल हैं। ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन कबीर साहेब का जन्म हुआ था मैं आज उनकी 627वां प्राकट्य महोत्सव पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूँ। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि मानव समाज में एक समय ऐसा था जब समाज में सामाजिक कुरीतियों का प्रचलन था, पूरा समाज संकट के दौर से गुजर रहा था ऐसे संकटकाल के समय संत कबीरदास साहेब जी का अवतरण हुआ और उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुए समाज को एक नई रौशनी दिखाई और जनमानस को नई दिशा की ओर अग्रसर किया। महंत कबीर साहेब जी की वजह से ही सामाजिक कुरीतियां दूर हुई और समाज नवनिर्माण की ओर अग्रसर हुआ। कबीर साहेब के सिद्धांत व जीवन प्रांसगिक है। कबीर दास ने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक, आध्यात्मिक जीवन में अतुलनीय योगदान है। मानवता को उनकी देन को भुलाया नहीं जा सकता। वर्तमान पीढ़ी सदैव कबीर साहेब जी के ऋृणी रहेगा। समारोह में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, पूरदास मानिकपुरी, धनेश्वरदास मानिकपुरी, ओमनदास मानिकपुरी, मनीषदास मानिकपुरी, पोषणदास मानिकपुरी, ज्ञानदास मानिकपुरी, अंजोरदास मानिकपुरी, सुशीलदास, राजेशदास, समयदास, मेवादास, भीखमदास, शंकरदास बघेल, बाबूदास, अमोददास सहित बड़ी संख्या में माताएं-बहनें व स्वजाति बंधु शामिल थे।



### कृषि विभाग की टीम ने उर्वरक विक्रेताओं के विक्रय परिसर का निरीक्षण किया

**राजनांदगांव 24 जून।** कृषि विभाग की टीम द्वारा जिले में खरीफ मौसम में उर्वरकों के कालाबाजारी को रोकने के लिए राजनांदगांव विकासखंड के सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रताओं के विक्रय परिसर का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। मेसर्स गोलछा फर्टिलाईजर्स बसंतपुर राजनांदगांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स गोलछा फर्टिलाईजर्स द्वारा थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रय का लाईसेंस हेतु कृषि विभाग को प्रस्तुत विक्रय स्थल दस्तावेज में गंज चौक पुराना मंडी का उल्लेख है। वर्तमान में उर्वरक विक्रय का कार्य बसंतपुर नया मंडी के समीप किया जा रहा है, जो कि उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 8, उपखण्ड 2 का उल्लंघन है। जिसके कारण संबंधित संस्था में भंडारित 45 किलोग्राम भरती के यूरिया (आईपीएल) -440 बोरी, यूरिया (कोरोमंडल) 814 बोरी, 50 किलोग्राम भरती के ग्रोमोर (28-28) 840 बोरी, एसएसपी पाउडर 150 एवं एसएसपी दानेदार 125 बोरी इस प्रकार कुल 2755 बोरी (1314 क्विंटल) उर्वरकों को जप्त कर दुकान को सील करने की कार्रवाई करते हुए उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तहत नोटिस जारी किया गया है।



## संपादकीय

# नक्सली नकली नोट छापने पर मजबूर क्यों हो गए

नक्सली अब नकली नोट छापकर उसे बस्तर के बाजारों में खपा रहे हैं ।यह खबर चौंकाने वाली है क्योंकि नक्सलियों ने आज तक यह काम नहीं किया था। नक्कली मूवमेंट कई दशकों से देश के कई राज्यों में चलाया जा रहा है ।कभी कहीं सुनने व पढ़ने को यह नहीं मिला था नक्सली कहीं पर नकली नोट छापकर बाजार में चला रहे हैं। नक्सली तो खुद को क्रांतिकारी कहते आए हैं। वह खुद को जल,जंगल व जमीन की रक्षा करने वाला कहते आए हैं, खुद को आदिवासियों का रक्षक कहते आए है। इससे उनकी छवि आदिवासी क्षेत्रों में आदिवासियों के कल्याण का काम करने वाले संगठन की बनी थी। वह मुखबिरी करने वालों को सजा देते थे, मार देते थे,पुलिस बल पर हमला करने थे तो भी देशद्रोही तो नहीं कहा जाता था। नकली नोट छापना तो देशद्रोह है। पुलिस सहित किसी संगंठन को आज तक यह पता नहीं चला था कि नक्सली अब नकली नोट छापने लगे हैं। इसका खुलासा तो तब हुआ कि जब पुलिस २३ जून को तलाशी अभियान में निकली। उसे सूचना मिली था कि ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम और आस-पास के क्षेत्र में नकस्ली हैं। तलाशी टीम जब उस इलाके में सर्चिंग के लिए पहुंची तो नक्सलियों का पुलिस के आने की भनक लग गई थी और वह नकली नोट, नकली नोट छापने की मशीन आदि सामान छोड़कर भाग चुके थे।

एसपी किरण चौहान के अनुसार भोले-भाले आदिवासियों को धोखे में रखकर नक्सली अंदरूनी क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में लंबे समय से नकली नोट खपा रहे थे। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 में बड़े नक्सली कैडरों ने प्रत्येक एरिया कमेटी के एक-एक सदस्य को नकली नोट छापने का प्रशिक्षण दिया था। प्रशिक्षण के बाद, ये प्रशिक्षित नक्सली अपने-अपने एरिया कमेटी में नकली नोट छापकर उन्हें अंदरूनी क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में खपा रहे थे। सवाल उठता है नक्सलियों को वह काम आखिर क्यों करना पड़ा जो काम उन्होंने कभी नहीं किया यानी देशद्रोह का काम। एक वजह तो यह बताई जा रही है कि पुलिस सख्ती के कारण पिछले कुछ सालों में नक्सली पहले की तरह बस्तर क्षेत्र में ठेकेदारों से वसूली नहीं कर पा रहे हैं। इससे उनके सामने पैसों की तंगी हो गई है। छोटे मोटे खर्चे के लि पैसे जुटाने उन्होंने नकली नोट छापना शुरू किया। वैसे तो माना जाता है कि जब कोई देश जैसे पाकिस्तान नकली नोट छाप कर भारत भेजता था तो उसका मकसद भारत की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुचाना होता था। नक्सली अभी किस पैमाने पर नकली नोट छाप रहे थे यह साफ नहीं है. इसलिए यह तो नही कहा जा सकता कि वह बस्तर की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुचाना चाहते थे लेकिन नकली नोट छापने की मशीन व नकली नोट मिलने से यह तो साफ है कि नकली नोट बस्तर के बाजारों में खपा रहे थे। यह देशद्रोह है, यह काम नक्सली करना पसंद नहीं करते थे और वतर्मान में उनको इसलिए भी करना पड़ रहा होगा कि साय सरकार की सख्ती के कारण वह अपनी आतंक फैलाने वाली गतिविधियां चला नहीं पा रहे है,इससे उनका आतंक क्षेत्र के लोगों व ठेकेदारों में कम हो गया है, इससे लोग पहले की तरह डर के मारे पैसा नहीं दे रहे हैं। हो सकता है कि पैसों की कमी दूर करने के लिए नक्सली नकली नोट छापने जैसा काम करने को मजबूर हो गए हैं तो यह साय सरकार की बड़ी सफलता है।इससे साफ हो जाता है कि नकस्ली अब आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। बस्तर से नक्सलियों के सफाए के लिए उनका आर्थिक रूप से कमजोर होना भी जरूरी है। वह आर्थिक रूप से कमजोर होंगे तो नए हथियार नहीं खरीद सकेंगे,नई भर्ती नहीं क सकेंगे, अपनी गतिविधयां बड़े क्षेत्र में नहीं चला सकेंगे. खाने का सामान नहीं खरीद सकेंगे ।शहर से जो भी सामान नक्सली मंगाते है,पैसेन होने से उसकी सप्लाई नहीं हो सकेगी। यानी सही मायने में नक्सलियों की कमर तो अब टूटेगी जब उनके पास पैसा ही नहीं होगा ।नकली नोट छापकर वह छोटामोटा खर्चा तो कर सकते हैं लेकिन शहरो में उनका नकली नोट चलने वाला है। पुलिस को अब पात चल गया है कि नक्सली नकली नोट छाप रहे है और चला रहेहै तो वह अब और ज्यादा सजग हो जाएगी और जिस इलाके में नकली नोट मिलेंगे उस इलाके में जल्द पता लेगी कि कौन नकली नोट छाप रहा है।

विश्लेषण

तनवीर जाफरी

# यह है कानून का राज : हम कब करेंगे आत्मावलोकन ?



स्विट्ज़रलैंड की एक अदालत ने ब्रिटेन के सबसे अमीर भारतीयों में गिने जाने वाले भारतीय मूल के हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को अपने नौकरों के शोषण के मामले में दोषी क़रार देते हुए उन्हें चार से साढ़े चार वर्ष तक की कारागार की सजा सुनाई है। स्विस प्रशासन इस परिवार द्वारा अपने नौकरों का शोषण किये जाने पर गत 6 वर्षों से नजर रख रहा था। हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने अपने जेनेवा स्थित बंगले में काम करने के लिए भारत से कामगारों को बुलाया और उनका शोषण किया। इस परिवार पर मानव तस्करी के भी आरोप हैं। हिंदुजा परिवार ने अपने नौकरों के पासपोर्ट जब्त कर लिये थे और उन्हें न्यूनतम से भी कम मजदूरी दे रहे थे। साथ ही इन कामगारों के बाहर निकलने व कहीं आने-जाने पर भी हिंदुजा परिवार की ओर से पूरी रोक लगी हुई थी। सरकारी वकील के मुताबिक़ हिंदुजा परिवार अपने एक कुत्ते पर एक नौकरों से ज़्यादा पैसे खर्चकरता था। " मिसाल के तौर पर इस परिवार ने एक नौकरानी जो एक दिन में 18 घंटे काम करती थी उसे तो केवल 7 पाउंड मिलते थे। जबकि स्विस क़ानून के अनुसार कमर्चारियों को इसके लिए कम से कम 70 पाउंड का भुगतान किया जाना चाहिए था। परन्तु यही परिवार अपने एक कुत्ते के रखरखाव और खाने पर सालाना 10 हजार अमेरिकी डॉलर खर्च करता था। कई नौकरों को बिना छुट्टी के पूरे सप्ताह काम करना होता था। उन्हें वेतन भी स्विस करेंसी यानी फ्रैंक्स में देने के बजाय भारतीय रुपये में दिया जाता था। हालाँकि यह अदालती फ़ैसला आने के एक सप्ताह पहले हिंदुजा परिवार ने भारी रक़म चुकाकर तीन पीड़ित कामगारों से अदालत के बाहर समझौता भी किया था। ग़ौर तलब है कि मूल रूप से भारतीय, हिंदुजा परिवार का लगभग 47 बिलियन डॉलर का कारोबारी साम्राज्य है। हिंदुजा समूह का निवेश मुख्यतः कंस्ट्रक्शन,होटल, कपड़े, ऑटोमोबाइल, ऑयल, बैंकिंग और फाइनेंस जैसे क्षेत्र में है। ब्रिटेन में हिंदुजा परिवार की अनेक बहुमूल्य इमारतें भी हैं। जेनेवा के इस अदालती फैसले ने एक बात तो साबित कर ही दी है कि स्विट्ज़रलैंड में न केवल क़ानून का राज है बल्कि वहां का क़ानून इस बात की भी परवाह नहीं करता कि आरोपी कितना अमीर व कितना रसूखदार है। साथ ही यह भी कि शोषित व पीड़ित वर्ग का व्यक्ति कितना ही ग़रीब व असहाय क्यों न हो मानवाधिकारों का पक्षधर वहां का क़ानून उसके साथ है। अब जरा इसी अदालती फैसले के सन्दर्भ में हम अपने देश के वास्तविक हालात का भी आंकलन करें। भारत सरकार द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के अनुच्छेद 24 के अनुसार कारखानों , खदानों एवं जोखिम भरे कार्यों में किसी बालक, जिसकी आयु 14 वर्ष से कम हो,



नहीं लगाया जायेगा। हमारे देश में बाल संरक्षण क़ानून के अतिरिक्त विस्तृत श्रम क़ानून भी बने हुये हैं। इन क़ानूनों की पालना व इन्हें लागू करवाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर बाक़ायदा विभाग हैं,विशेष अदालते हैं। गोया पूरी मशीनरी श्रम व बाल संरक्षण हेतु दिखाई देती है जिनपर सैकड़ों करोड़ रूपये खर्च भी होते हैं। परन्तु इन सब के बावजूद धरातलीय स्थिति क्या है यह कौन नहीं जानता। मुख्य मार्ग के ढाबों से लेकर मंत्रियों सांसदों विधायकों व अधिकारियों के घरों तक में श्रम व बाल संरक्षण क़ानून की धज्जियाँ उड़ती देखी जा सकती हैं। मजदूरों की तो बात छोड़िये अनेक निजी स्कूल्स तक में अधयापकों व अध्यापिकाओं को वेतन कुछ दिया जाता है तो रजिस्टर में दस्तखत अधिक धनराशि लिखकर कराई जाती है। हद तो यह है कि बंधुआ मजदूरी क़ानून बने होने के बावजूद अभी भी ठेकेदारी प्रथा के तहत तमाम बंधुआ मजदूर काम करते मिल जायँगे जिन्हें ठेकेदार अपनी मनमानी रक़म देकर उनसे 8 से 12 घंटे तक काम करवाता है। ईंट के भट्ठों से लेकर सड़क व भवन निर्माण क्षेत्र में भी ऐसे तमाम मजदूर काम करते देखे जा सकते हैं। अपने देश में 'क़ानून का राज 'कितना क़ायम है यह देखने के लिये आपको दजनों ऐसे उदाहरण मिल जायेंगे जबकि किसी जघन्य अपराधी ने सत्ता में आने के बाद अपने ही ऊपर चल रहे आपरधिक मुक़ददमों को ही वापस ले लिया। यह उदाहरण भी मिलेगा कि सत्ता के क़रीबी व्यक्ति पर चलने वाला दंगे,फसाद ,बलात्कार व हत्या तक का मुक़ददमा सरकार द्वारा वापस ले लिया गया। कई बार देश के बड़े बड़े क़ानूनविद यहाँ तक कि अनेक पूर्व न्यायाधीश यह कह चुके हैं कि देश की जेलें आमतौर पर ऐसे ग़रीब व असहाय लोगों से भरी पड़ी हैं जो आर्थिक रूप से ग़रीब हैं और लम्बी क़ानूनी लड़ाई लड़ पाने में असमर्थ हैं। भारत में अभी पिछले दिनों हुआ बहुचर्चित पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट मामला भी एक बड़ा उदाहरण है जिसमें दो इंजीनियरों को कुचल दिया गया था। इस मामले में नाबालिग़ चालक ने दावा किया था कि दुर्घटना के समय उसका ड्राइवर कार चला रहा था। लेकिन जांच में उसका यह बयान झूठा निकला। यहाँ भी पैसे और रसूख के बल पर वह अपने ड्राइवर को पैसों के एवज में जेल भेजकर स्वयं को बचाना चाह रहा था परन्तु चूँकि मीडिया ने इस मामले को तूल दे दिया था और कार का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था,उधर कुचले गए दो व्यक्ति भी इंजीनियर थे इसलिये जाँच निष्पक्ष करनी पड़ी और रसूखदारों की साजिश धरी रह गयी। परन्तु उनका यह दुस्साहस स्वयं यह बताता है कि भारत में ऐसा संभव है कि रसूखदार स्वयं को बचने के लिये अपने ड्राइवर या नौकर को आगे कर देते हैं।

याद कीजिये फरवरी 2022 में जब सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने कहा था कि- 'जवाहर लाल नेहरू का भारत ऐसा बन गया है जहां मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लोकसभा में लगभग आधे सांसदों के खिलाफ बलात्कार और हत्या के आरोप लंबित हैं। हालांकि यह भी कहा जाता है कि इनमें से कई आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।' उस समय प्रधानमंत्री ली सीन लूंग द्वारा भारतीय सांसदों को लेकर दिए बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने आपत्ति भी जताई थी। परन्तु क्या हम इस सवाल से बच सकते हैं कि विदेशी सांसदों में भारत के बारे में ऐसी शमर्नाक टिप्पणियों की नौबत ही क्यों आती है ? क्या पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश और दुनिया ने यह नहीं देखा कि किस तरह विपक्षी दलों के नेताओं यहाँ तक कि मुख्यमंत्रियों तक को भ्रष्टाचार के मामलों में निशाना बनाते हुये उन्हें जेल भेजा गया ,अनेक नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारियां की गयीं। परन्तु जब वही अपराधी सत्ता की शरण में चला गया तो उसे मंत्री या सांसद बनाकर महिमामंडित किया गया ? ऐसी सरकार व उसके अंतर्गत चलने वाले शासन प्रशासन से आखिर क़ानून का राज स्थापित होने की हम क्या उम्मीद कर सकते हैं ? हिंदुजा परिवार को लेकर स्विट्ज़रलैंड की अदालत से आया फैसला क्या हमें यह सोचने के लिये मजबूर नहीं करता कि अपने देश में क़ानून का राज स्थापित करने को लेकर आखिर हम कब आत्मावलोकन करेंगे ?

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन की प्राप्ति हो सकती है। महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से खुशखबरी मिलसकते हैं। आज आपके विचारों को ऑफिस में सीनीयर्स की तरफ से पॉजिटिव रिसपॉन्स मिलेगा। आज आप भविष्य के लिए कोई खास निर्णय ले सकते हैं। जो आगे चलकर कारगर साबित होगा। आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृष राशि-आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपका कोई मित्र या रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकता है। आज आपको किसी अनजान व्यक्ति से सतर्क रहने की आवश्यकता है। आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है। आज आपका धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ सकता है। आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। आज जॉब सर्च करने वालों को किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ऑफर मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। स्टूडेंस पढ़ाई के लिए विदेश भी जा सकते हैं।

मिथुन राशि-आज का दिन लाभदायक रहने वाला है। आज आपके करीबी आपको अचानक से गिफ्ट देकर चकित कर सकते हैं। कोर्ट कचहरी के मामलों में आज आपको सफलता हासिल मिलेगी। आज आप शाम का समय बच्चों के साथ व्यतीत कर सकते हैं। इस राशि के लोग आज बिजनेस में सोच-समझकर कर फैसला लें इससे आपको सफलता की प्राप्ति होगी। छात्रों के लिएआज का दिन अच्छा रहने वाला है। नव विवाहित दंपत्ति आज एक दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपकी मनोकामना पूरी करने वाला है। आज आपको लोगों के बीच अपनी अच्छी छवि बनाने का पूरा मौका मिलेगा। आज आपके विरोधी आपसे दूर ही रहेंगे। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज नया इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीद सकते हैं। आज भाई आपसे पढाई के विषय में जानकारी लेंगे। आज व्यापार में अच्छा लाभ होने से आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिएअच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। आज आपके जीवन में खुशियों की बौछार होगी। आज एकाधिक स्रोतों से आपकी आय में बढ़ोतरी होगी। आपकी तरक्की से आज घरवालों को आप पर गर्व होगा। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे घर के सुख-सौभाग्य में बढ़ोत्तरी होगी।

कन्या राशि-आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्यों में आपको माता-पिता का सहयोग मिलेगा। विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। ऑफिस में आपके अच्छे परफॉरमेंस के लिएआपको सम्मानित किया जा सकता है।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। संतान की सफलता आपको प्रसन्न कर सकती है। इस राशि के लोगों के व्यापार में आज दो गुना वृद्धि हो सकती है। अगर घर में कोई परिवर्तन संबंधी कोई निर्णय लेना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। आज भाई के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

वृश्चिक राशि-आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज आपकी कोई कार्य योजना सफल होगी। आपकी शादी की चल रही बात आज फाइनल हो जाएगी। वेब डिज़ाइनिंग के लोग जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं। बैंक में कार्यरत लोगों का उनके मन पसंद जगह ट्रांसफर हो सकता है।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र-छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। आर्थिक स्थिति आपकी बेहतर रहेगी। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी धार्मिक स्थल पर अपना कुछ समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा, साथ ही उनके साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। लवमेट के लिएआज का दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी व समय से पूरा हो जायेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बढ़ेंगे। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज किसी कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है। बच्चे आज खेल कूद में व्यस्त रहेंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। आज आपको पैतृक संपत्ति से लाभ मिलेगा। आज किसी धार्मिक समारोह में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा। लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा।

## व्यंग्य

### [illegible]

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



टीवी, समाचार पत्रों ने हमें लाख समझाया कि खाने से पहले और खाने के बाद साबून से हाथ धो लिया करो। और हम थे कि इन बातों को हवा करने में अपनी शान समझते थे। हम उसे विज्ञापन कम टाइमपास ज्यादा मानते थे। रिमोट हाथ में होता तो फट से चैनल का टेंटुआ दबा देते और कहते - यह फालतू की बक-बक सुनने की फुरसत किसे है? क्या हमें नहीं पता की हाथ की सफाई क्या होती है? इस देश में लोग कुछ सीखे न सीखे हाथ की सफाई जरूर सीखते हैं। इससे स्वच्छता और संपन्नता दोनों बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि सरकारी विज्ञापन हाथ की सफाई के बारे में संविधान जैसी क्लिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। भाषा तो सरल है, लेकिन बुद्धि का घड़ा औंधे रखा हो तो कोई बात दिमाग में कैसे घुसे? सो हमने भी इसे समझने की जहमत नहीं की। हमारे हाथ की सफाई के लिए सरकार ने स्वच्छ भारत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपया फूंक दिया। फिर उन्हीं लाखों-करोड़ों की उगाही के लिए कभी हमसे धूम्र शलाका फुंकवा दिया। तो कभी मुँह में खजांची बना दाने-दाने में केसर ढूँढ़वाने लगा दिया। हिसाब बराबर। तुम अपने घर खुश और हम अपने घर। कहते हैं सबका दिन आता है। सो हाथ की सफाई वाला दिन भी आया। आया तो आया ऐसा आया कि हाथ की सफाई से लेकर मुँह, नाक, आँख या यूँ कहें कि पूरे बदन को साबून से धोने की नौबत आ पड़ी। ऊपर से मुँह और नाक पर चिथड़े का टुकड़ा अलग से। कुछ दिनों तक यह टिटिम्मा भी खूब चला। सबका अंत आता है। मास्क का भी आया। जब कोई वस्तु अति होने लगती है, त उसका पतन भी अति करने वाला ही करता है। कुछ लोग जिंदगी को तपाकर कुंदन बनाने की कोशिश में लगे रहते हैं तो कुछ महाशय खुद लोगों के क्रंदन से पॉपुलर हो गए। माना कि हाथ की सफाई वाले विज्ञापन का हमने ठीक से पालन नहीं किया। इसका मतलब यह तो नहीं कि हाथ की सफाई के साथ-साथ मुँह, नाक और बदन की सफाई कहीं भारी न पड़ जाए। बैंक भी ब्याज लेता है, लेकिन एक निश्चित दर से। लेकिन यह हाथ की सफाई का ब्याज तो हमारे पल्ले पड़ता ही नहीं। यह ब्याज के एवज में हमसे बदला ले रहा है। हमारे पढ़े-लिखे मूर्ख होने का हर कोई लाभ उठा रहा है।

## जानें लेजर हेयर रिमूवल कराने का सही वक्त

अधिकतर लोग बालों को रिमूव करने के लिए वैक्सीन और शेविंग का इस्तेमाल करते हैं. इनमें खासकर महिलाएं हर महीने बालों को रिमूव करने के लिए वैक्स का इस्तेमाल करती है. लेकिन क्या आप जानती हैं, लेजर ट्रीटमेंट की मदद से भी आप आसानी से हेयर रिमूव कर सकती हैं.ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें लेजर हेयर ट्रीटमेंट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है. ऐसे में लोग कई गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उन्हें बाद में पछतावा होने लगता है. लेकिन आज हम आपको इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताएंगे. आइए जानते हैं उन जरूरी बातों के बारे में. शरीर पर अनचाहे बालों को हटाने के लिए लेजर हेयर रिमूवल टेक्निक काफी उपयोगी मानी गई है. यह बाकी तरीकों से बहुत सरल तकनीक है. यही नहीं यह तकनीक बाकी तकनीक के मुताबिक कम दर्द वाली होती है.

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# नीट 2024 को तत्काल रद्द कर सरकार अपनी साख बचाए!



नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में जांच सीबीआई को सोंप दी गई है सीबीआई ने इस मामले में पहली एफआईआर दर्ज कर ली है। लेकिन केंद्र सरकार नीट परीक्षा को लेकर लगातार असमंजस की स्थिति में बनी है जैसा कि सर्व विदित है कि नीट 2024 की परीक्षा में पेपर लीक होने और कई परीक्षा केंद्रों पर कदाचार व गड़बड़ी की पुष्ट सूचना सार्वजनिक हो चुकी हैं एक ओर बिहार में एक रिजॉर्ट में पेपर लीक कर पहली रात को आनसर रटाए गए। वहीं हरियाणा के एक सैंटर पर ऐसा अलाउद्दीन का चिराग जलाया गया कि इस केंद्र के आठ छात्रों ने फुल में से फुल मार्क्स हासिल कर लिए। इतना ही नहीं गुजरात के गोधरा के एक परीक्षा केंद्र पर नीट की परीक्षा देने के लिए दस लाख रुपये दे देकर केंद्र अलाट किया गया डेड़ हजार किलोमीटर से यहां अभ्यर्थियों ने पैसे देकर सैंटर चुना क्योंकि उन्हें इस सैंटर पर पेपर साल्व करने की सारी व्यवस्था मोटी रकम वसूल कर की गई थी। इन सभी गड़बड़ी के मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है और एक दर्जन से अधिक लोगों छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस के बावजूद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयान बेहद अपरिपक्वता भरे है। शुरू में उन्होंने किसी गड़बड़ी से इंकार करते हुए एनटीए का बचाव करते नजर आए। जैसे जैसे मामला बढ़ रहा है प्रधान रोजाना पैतरा बदल रहे हैं। अब नीट में गड़बड़ी का मामला इतना बढ़ चुका है कि छात्र हर प्रदेश में सड़क पर आ रहे हैं कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी इस मामले में राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री से लेकर शिक्षामंत्री तक इस मामले में खुद समय पर कदम न उठा कर छात्रों को आंदोलित होने का मौका दे रहे हैं। वहीं बता दें कि नीट पीजी की 23 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गई है।

सूत्रों के अनुसार पेपर लीक केस में बड़ा खुलासा हुआ है. आरोपी अनुराग यादव का कुबूलनामा सामने आया है. उसने पुलिस के सामने दर्ज कराए बयान में कहा है कि जो प्रश्न पत्र लीक हुआ, वही परीक्षा में आया और 100 प्रतिशत वही सवाल परीक्षा में पूछे गए थे. मेरे पास ये प्रश्न पत्र एक दिन पहले ही आ गया था. अनुराग का कहना था कि फूफा ने सेटिंग करवाई थी और उसे कोटा से पटना बुलवाया था. रात में हर प्रश्न का उत्तर रटवाया गया था. परीक्षा के बाद पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया.दरअसल, 4 जून को नीट परीक्षा का रिजल्ट आया तो पहली बार 67 स्टूडेंट्स टॉपर बने और उन्हें 720 में से 720 अंक मिले. टॉपर्स की लिस्ट देखने के बाद नीट परीक्षा में धांधली का मुद्दा उठाया गया. 13 जून को एनटीए ने फैसला लिया कि ग्रेस मार्क्स वाले छात्रों की परीक्षा दोबारा आयोजित कराई जाएगी, लेकिन अभी भी छात्रों का गुस्सा थमा नहीं है. बिहार और गुजरात से सामने आई पेपर लीक की खबरों से एनटीए की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर कई सवाल खड़े हो गए हैं, इसीलिए छात्र मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे . धांधली के मामले में पटना और पंचमहल से कई गिरफ्तारियां हुई हैं. पटना में 13 लोग गिरफ्तार हुए हैं, जिनमें 4 छात्र शामिल हैं. पुलिस छानबीन में पता चला कि पेपर लीक हुआ था और गिरोह ने बच्चों को पास कराने के लिए लाखों रुपए वसूले थे. पंचमहल में भी छात्रों से लाखों रुपए वसूले गए और गिरोह ने सही जवाब भरकर आंसर शीट जमा की.मामले में पुलिस की जांच पटना के जूनियर इंजीनियर सिकंदर प्रसाद यादवेंदु तक पहुंची. उससे पूछताछ की गई तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए. उसने बताया कि परीक्षा धांधली में उसकी भी संलिप्तता है और अपने भतीजे अनुराग यादव के लिए उसने गड़बड़ी में भूमिका निभाई है. पटना के शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने अनुराग यादव से पूछताछ की और उसके इकबालिया बयान दर्ज किए हैं। अनुराग ने दावा किया है कि सेंटर पर परीक्षा के दिन वही पेपर मिला, जो एक दिन पहले ही उसे मुहैया करा दिया गया था. रातभर उसे हर प्रश्न रटवाया गया. 100 प्रतिशत वही सवाल पूछे गए थे.। एक अन्य छात्र ने अनुराग यादव ने भी इकबालिया बयान में कहा है कि मैं परिदा थानानपुर, जिला समस्तीपुर का रहने वाला हूं. मैं अपनी सफाई का बयान बिना भय या दबाव, बिना लोभ लालच के शास्त्रीनगर थाने में दरोगा तेज नारायण सिंह के समक्ष दे रहा हूं. मैं नीट की परीक्षा की तैयारी कोटा में एलेन कोचिंग सेंटर में रहकर कर रहा था. मेरे फूफा सिंकदर यादवेंदु नगर परिषद दानापुर में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं. मेरे फूफा द्वारा बताया गया कि 5 मई 2024 को नीट की परीक्षा है. कोटा से वापस आ जाओ. परीक्षा की सेटिंग हो चुकी है. मैं कोटा से वापस आ गया और मेरे फूफा ने 4 मई 2024 की रात्रि में अमित आनंद, नीतीश कुमार के पास मुझे छोड़ दिया. यहां पर नीट की परीक्षा का प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका दिया गया. रात्रि में पढ़वाया और रटवाया गया. मेरा सेंटर डीवाई पाटिल स्कूल में था. मै स्कूल में परीक्षा देने गया तो जो प्रश्न पत्र रटवाया गया थाा, वही प्रश्न सही- सही परीक्षा में मिल गया. परीक्षा के उपरांत अचानक पुलिस आई और मुझे पकड़ लिया. मैंने अपना अपराध स्वीकार किया. यही मेरा बयान है."सिकंदर प्रसाद यादवेंदु बिहार के दानापुर नगर परिषद में जेई है. उसने हाल ही में कन्फेशन नोट में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं.




सिंकदर ने कहा, उसने 4 नीट परीक्षार्थियों आयुष राज, शिवनंदन कुमार, अभिषेक कुमार और अनुराग यादव की पटना में रहने में मदद की थी. अनुराग उसका भतीजा था. वो अपनी मां रीना कुमारी के साथ पटना आया था।

यादवेंदु का कहना था कि वो एक रैकेट के संपर्क में था, जिसने ना सिर्फ नीट यूजीबल्कि बिहार लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग परीक्षाओं के प्रश्न पत्र भी लीक किए थे. इसके अलावा, जिस गेस्ट हाउस में परीक्षार्थी रुके थे, वहां के बिल भी हासिल किए गए हैं. गेस्ट हाउस की बिल बुक में एक 'मंत्री जी' का भी उल्लेख है, जिन्होंने कथित तौर पर अनुराग यादव और उसके सहयोगियों के ठहरने की सुविधा प्रदान की थी. यह गेस्ट हाउस पटना चिड़ियाघर और पटना एयरपोर्ट के पास स्थित है. इस संबंध में बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का कहना था कि गेस्ट हाउस में जिन लोगों को पकड़ा गया है, वे किसी प्रीतम से जुड़े हुए है।

आखिर इस गड़बड़ी भरे नीट को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने में सरकार देरी क्यों कर रही है? बड़े भरे दिल से लिखना पड़ता है कि पीएम नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे के दूरगामी प्रभाव को कम कर क्यो आंक रहे हैं उनके शिक्षा मंत्री बेहद कमजोर व अपरिपक्व क्यों साबित हो रहे है यदि छात्र आंदोलित होते हैं तो समूचे देश में सरकार के खिलाफ नाराजगी बढ़ सकती है। यह न्याय का भी तकाजा है कि चोबिस लाख बच्चों को इंसाफ मिलना चाहिए। उधर दूसरी ओर मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट को लेकर उठे गंभीर सवालों के बीच नैशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की ओर से कराई गई यूजीसी नेट परीक्षा को रद किया जाना शर्म का विषय है। क्या इससे शमर्नाक और कुछ हो सकता है कि 18 जून को यूजीसी नेट की परीक्षा हुई और 24 घंटे के अंदर खबर आ गई कि उसका प्रश्नपत्र लीक हो गया? यह परीक्षा इसलिए रद करनी पड़ी, क्योंकि उसके प्रश्नपत्र मैसेजिंग एप टेलीग्राम पर उपलब्ध पाए गए। इसमें संदेह होता है कि एनटीए के तंत्र में ही कुछ ऐसे लोग शामिल हैं, जो धांधली करते अथवा कराते हैं। यह संदेह इसलिए होता है, क्योंकि एक तो इस संस्था के पास पर्याप्त संख्याबल नहीं और दूसरे वह अपना अधिकांश काम ठेके पर कराती है और वह भी ऐसी एजेंसियों के माध्यम से, जिनके पास इस तरह का काम करने का कोई अनुभव नहीं है। समझना कठिन है कि जिन परीक्षाओं में लाखों छात्र बैठते हों, उनका आयोजन ठेके पर क्यों कराया जाता है?

पेपर लीक होने की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई है और शीघ्र दोबारा परीक्षा करने का आश्वासन दिया गया है। इस परीक्षा में नौ लाख से अधिक छात्र बैठे थे। आखिर दोबारा परीक्षा देने के लिए विवश इतने अधिक छात्रों के समय और संसाधन की बर्बादी के साथ उन्हें जिस मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ेगा, उसकी भरपाई कौन करेगा और कैसे? एक के बाद एक परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर उठने वाले प्रश्न एनटीए के साथ-साथ शिक्षा मंत्रालय और साथ ही केंद्रीय सत्ता की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचा रहे हैं। चूंकि एनटीए की साख ही सवालों से घिर गई है, इसलिए उसकी कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करना होगा। उसकी ओर से आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को लेकर भरोसा तब बहाल होगा, जब स्वयं उसकी प्रतिष्ठा स्थापित होगी। यह आश्चर्य की बात है कि दजर्नों प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो जाने की घटनाओं के बावजूद किसी को यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर प्रश्नपत्रों के कई सेट क्यों नहीं बनाए जा सकते, ताकि यदि कभी एक सेट के प्रश्नपत्र लीक भी हो जाएं तो देश या प्रदेश भर में परीक्षा रद करने की आवश्यकता न पड़े। आज के इस तकनीकी युग में परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र छापकर रखने और फिर उन्हें शहर-शहर भेजने की पुरानी व्यवस्था से छुटकारा क्यों नहीं पाया जा सकता? यदि ऐसे प्रश्न अनुत्तरित हैं तो पुरानी भूलों से सबक न लिए जाने के कारण। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप कर नीट परीक्षा रद्द करने का फैसला लेना चाहिए और दोबारा परीक्षा पूरी शुचिता के साथ सम्पन्न करानी चाहिए।

एक नजर

## पौधों का निशुल्क वितरण 25 जून को

**रायपुर, 24 जून।** मजदूर सेवा समिति द्वारा जयस्तंभ चौक पर 25 जून को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क पौधों का वितरण किया जायेगा। अपील की जायेगी की अपने आसपास के परिसर में दो पौधे अवश्य लगाए। गर्मी से निजात पाने व हमारे रायपुर शहर के प्रदूषण को कम करने में यह बहुत ही कारगार उपचार है। मजदूर सेवा समिति ने पर्यावरण दिवस के दिन उरला इंडस्ट्रियल एरिया में 1000 पौधों का वितरण किया था। पौधों के वितरण कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू पर्यावरण संरक्षण क्षेत्राधिकारी प्रकाश रबडे, वनमंडलाधिकारी, रायपुर वनमंडल रायपुर पटेल भी शामिल होंगे।

## कलेक्टर ने पीएससी की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा सेंटर का किया निरीक्षण



**जगदलपुर 24 जून ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2023 के लिए शासकीय काकतीय महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा सेंटर का निरीक्षण किए। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस दौरान एक परीक्षार्थी का तबियत ठीक नहीं होने पर स्वास्थ्य जांच करवाने के निर्देश दिए। संभागीय मुख्यालय में आयोजित इस परीक्षा सेंटर में लगभग 202 परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा में शामिल हो रहे है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी श्री सुनील शर्मा, पीजी कॉलेज की प्राचार्य भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा सोमवार 24 जून से शुरू हो गई है प्रथम पाली में भाषा का पेपर, द्वितीय पाली में निबंध का पेपर है।

## बस्तर आर्ट गैलरी परिसर की दूकानों के आबंटन के लिए 27 जून तक प्रस्ताव

**जगदलपुर 24 जून।** आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी बादल, आसना, जगदलपुर के अंतर्गत दलपत सागर के समीप स्थित बस्तर आर्ट गैलरी के परिसर में 02 नग दुकान, 01 नग कैफे, 03 नग हॉल व 02 नग रूम को बाजार दर के आधार पर बंद लिफाफा पद्धति द्वारा प्रतियोगी दर पर 11 महीने के लिए आंबटन किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य-//ड्डह्य-ह्लड्डह्.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। निविदा में भाग लेने हेतु प्रस्तावक कार्यालय आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी बादल आसना, जगदलपुर में 27 जून 2024 तक सुबह 10रू30 से शाम 05 बजे तक कार्यालय आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी, बादल आसना, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) में निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन प्राप्त कर सकते है।

## रेत उत्खनन को लेकर भाजपा व कांग्रेस नेता आपस में भिड़े

**कोरबा 24 जून ।** जिले मे रेत उत्खनन व परिवहन के मामले में लगातार विवाद हो रहा है। प्रशासन ने 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। बावजूद माफिया व ठेकेदार बिना रायल्टी के रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन कर राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे है। पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के गुरसियां नदी पर रेत उत्खनन व परिवहन को लेकर हो रहे दो पक्षों में विवाद का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। एक पक्ष भाजपा नेता अक्षय गर्ग है, तो वही दूसरा कांग्रेस नेता व क्षेत्रीय जनपद सदस्य भोला गोस्वामी है।

सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों ग्राम पंचायत बांगो रेत घाट से पोड़ी उपरोड़ा तहसीलदार विनय देवांगन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) रोहित सिंह के निर्देश पर एक पोकलेन मशीन को जब्त किया था। रेत ठेकेदार अभय गर्ग के बड़े भाई भाजपा नेता अक्षय गर्ग ने इस कार्रवाई के बाद प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाता था और उन्होंने क्षेत्र में सभी ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। रविवार की सुबह गुरसियां नदी पर रेत उत्खनन कर रहे एक ट्रैक्टर को अक्षय गर्ग ने रोक दिया। इसके साथ ही अक्षय ने मौके पर ही तहसीलदार को फोन कर कार्रवाई करने की बात कही। तब इस मुद्दे को लेकर भोला गोस्वामी व अक्षय गर्ग के बीच तीखी नोंक- झोंक हुई। भोला गोस्वामी ने अक्षय को रास्ते से हटने के लिए कहा कि लेकिन जिद पर अड़े अक्षय नहीं हटे। बाद में भोला गोस्वामी ने जबरदस्ती अक्षय को रास्ते से हटा कर ट्रैक्टर नदी से बाहर निकाला। कांग्रेस नेता व जनपद सदस्य गोस्वामी ने कहा कि जब्त करने का अधिकार सिर्फ प्रशासन को है, कोई भी आम नागरिक इस पर रोकटोक व कार्रवाई नहीं कर सकता। इधर अक्षय ने पुनः प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए सभी नदियों में चल रहे रेत उत्खनन व परिवहन करते वाहनों पर रोक लगा कार्रवाई करने की मांग की है।

## हादसे में घायल युवक ने अस्पताल ले जाते रास्ते में तोड़ा दम

**कोरबा 24 जून ।** डुमरकछार से दीपका जाने वाली मार्ग पर ग्राम बांधाखार में देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहा युवक बुरी तरह से घायल हो गया। पाली अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में मृत्यु हो गई। युवक की शिना त अजय कुमार श्रीवास ×5 वर्ष निवासी ग्राम बांधाखार के रूप में की गई।

बताया जा रहा है कि अजय किसी काम को लेकर सड़क पार कर रहा था, इसी बीच एक तेज र तार वाहन की चपेट में आ गया। सूचना पर पाली पुलिस वैधानिक कार्रवाई करने के बाद रविवार को पोस्टमार्टम करा शव अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। अपराध पंजीबद्ध कर ठोकर मारने वाले वाहन की तलाश पुलिस कर रही है। पाली क्षेत्र में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके मु यतरू छह कारण हैं। पहला अंधाधुंध तेज र तार से वाहन चलााना, दूसरा ट्रैफिक नियमों को तोड़ना, तीसरा नशे में गाड़ी चलाने या गाड़ी चलाने के दौरान नींद आना, चैथा खस्ताहाल सड़कों या उन पर अतिक्रमण के कारण, पांचवां गाड़ियों की खराब हालत और आखिरी कारण है तत्काल चिकित्सा सहायता की अनुपलब्धता के चलते मौत होना।

# गुजराती, राजस्थानी चरवाहे के हवाले गरियाबंद जिले के जंगल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिगेंश्वर (पाण्डुका),24 जून।** गरियाबंद जिले के जंगलों की दैनिक हालत दिन प्रतिदिन गिरते जा रहे हैं। चाहे पेड़ो की कटाई को लेकर हो या अवैध चराई को लेकर हो बता दे कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्थानी और गुजराती भेड़, बकरी, ऊंट, घोड़ा लेकर जिले की जंगलों को उजाड़ने लाखों की संख्या में भेड़ बकरी लेकर गरियाबंद जिले के जंगलों में अवैध चराई करने चरवाहे पहुंच गए हैं यहां लगभग 6 माह तक हरे-भरे वृक्षों की पत्ते टहनियों के साथ छोटे-छोटे पौधों को भेड़ बकरिया अपने घूरो से नष्ट कर रहे हैं और इन्हीं वजहों के कारण जंगल धीरे-धीरे विनाश की ओर बढ़ रहे हैं । तो वहीं वन विभाग लिखित शिकायत के बाद भी मूकदर्शक बन पत्थर की मुरत बन मौन साधे हुए हैं कहीं ना कहीं मौन स्वीकृति साफ दिखाई दे रहा है ।की दाल में कुछ काला है। भेड़ बकरियों की संख्या लगभग लाख से डेढ़ लाखों की संख्या में होते हैं। जो एक बकरी अगर एक पौधे को चर लेता है तो लाखों की संख्या में पहुंचे भेड़ बकरियों के साथ ऊंट और घोड़े एक दिन में कितने पौधों को नुकसान पहुंचाते होंगे अब आप इसी बात से अंदाजा लगा सकते है 6 माह की चराई के बाद जंगलों की हालत क्या होती होगी

सरकार हजारों करोड़ों रुपए बजट बनाकर हरियाली बनाए रखने एवं जल जंगल बचाने की लगातार कोशिश कर





रहे हैं ताकि जंगलों में हरियाली बने रहे और वनों से हमें मिलने वाले उत्पाद इमारती लकड़ी शुद्ध हवा जैसी जरूरत की चीजें आसानी से उपलब्ध हो सके पर यह सब एक समय के साथ समाप्त होते दिखाई दे रहे हैं जंगल हरे-भरे जंगल नर्सरी में तब्दील हो रहे हैं अधिकांश जंगलों को देखा जाए तो चारों तरफ चट्टानें ही चट्टानें दिखाई दे रहे हैं।इन दिनों इनका एक गैंग पाण्डुका परिक्षेत्र के सांकरा बीट में डेरा डाले हुए है।जिसमे हजारों की संख्या में इनके मवेशी है मीडिया के द्वारा बिटगॉर्ड और एसडीओ को जानकारी दी गई पर कार्यवाही कुछ भी नहीं।जब मीडिया की टीम पहुंची तो वहां इनके डेरा में पहले से पहुंचे वन विभाग बिटगार्ड और डिप्टी रेंजर पांडुका मेहमान नवाजी का मजा ले रहे थे। ऐसे में अमानत में खयानात और अगर रक्षक ही भक्षक बन जाय तो जंगल बचाने किसको गुहार लगाएंगे। बहर हाल इनके आने से वन विभाग के चौकीदार से लेकर विभाग के बड़े अधिकारी के लिए अवैध चराई किसी बोनस से कम नहीं है।जो ये अपने हाथो से कैसे जाने देंगे ।कल जिस जगह से इन चरवाहे को खदेड़ा था आज उसी जगह बैठाए है। तो यह कहना गलत नहीं होगा की वन विभाग के संरक्षण में यह अवैध चराई सालो से फल फूल रहा है। वही इस बारे में जानकारी लेने डिप्टी रेंजर पांडुका वीरेंद्र ध्रुव का फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

,,,,,,,, साथ एस डीओडी राजिम हिमांशु डोंगरे से फोन में बात करने पर उन्हें सारी बातें बताई गई जिस पर उन्होंने कार्रवाई करने के लिए हामी भारी पर खबर लिखे जाने तक इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई थी वन विभाग के जगह में बैठे थे वही पर अपनी तंबू ताने हुए हैं।

# चुनौतियों के लिए तैयार रहें नीट व जेईई के विद्यार्थी,लक्ष्य पर रहे नजर

**कोरबा 24 जून ।** उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में रविवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के मेधावी विद्यार्थियों के लिए जेईई, नीट की निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, महापौर नगर निगम राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर अजीत वसंत, सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, निगमायुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, विद्यार्थी व उनके पालक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि जिला प्रशासन ने सराहनीय पहल करते हुए यह कार्यक्रम प्रारंभ किया है। खनिज प्रभावित जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे उ'च शिक्षा प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की जेईई, नीट जैसे प्रवेश परीक्षा की निश्शुल्क तैयारी के लिए व्यवस्था की गई है। यह आप सभी के लिए सुनहरा अवसर है। इस अवसर का लाभ उठाएं, आप सभी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े, कार्ययोजना बनाकर परीक्षा की तैयारी करें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने ब'चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज से आपकी जिंदगी एक नया मोड़ ले रही है। आपके बेहतर कल की शुरुआत आज से हो रही है। अपने भविष्य को ऊंचे आयाम तक पहुंचाने की जि मेदारी आपकी है। इस के लिए आप सभी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करें। खुद पर पूर्ण विश्वास रखें। आने वाली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार रखे, खूब मेहनत करें एवं अपने लक्ष्य को हासिल कर अपने परिवार , जिला व देश-प्रदेश का नाम पूरे दुनिया में रौशन करें। विधायक पाली तानाखार मरकाम ने ब'चों के बेहतर शिक्षा के लिए चलाए जा रहे जिला प्रशासन के इस पहल का सराहना की। महापौर प्रसाद ने कहा कि आप सभी के बेहतर भविष्य के लिए आपके परिजन सहित जिला प्रशासन द्वारा सपना देखा गया है। उसे पूरा करने की शत प्रतिशत जि मेदारी आपकी है। आने वाले चुनौतियों के लिए खुद को अभी से तैयार करें। आपके कदमों में सफलता का मार्ग है और आप मेहनत से अपने सपनों को पूरा कर सकेंगें। जिला पंचायत अध्यक्ष कंवर ने भी ब'चों को अपने मंजिल को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने एवं परेशानियों का निर्भीक होकर सामना करने के लिए कहा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री देवांगन व अन्य जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कलेक्टर वसंत ने कहा कि आप के जीवन की सफलता की शुरुआत आज हो रही है। आप सभी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में खूब मेहनत कर अ'छा परिणाम प्राप्त किया है, इसी तरह आगे भी आप पूरी लग्न से अध्ययन करते रहे। उन्होंने कहा कि नीट ,जेईई की निशुल्क आवसीय कोचिंग हेतु आप सभी 100 मेधावी छात्र छात्राओं का चयन किया गया है। आपको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। आप सभी की तैयारी में आने वाले खर्च का वहन छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। आप सभी इसका महत्व समझे एवं इस मौके का पूरा लाभ उठाएं। आप सभी निरंतर दृढ़ इ'छाशक्ति से मेहनत कर सफलता अर्जित करें एवं आगामी वर्षो में बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले जिले के ब'चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनें।छात्र-छात्राओं में भी अपने बेहतर भविष्य निर्माण हेतु उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का पल है कि उनका चयन ऐलेन जैसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था में जेईई, नीट परीक्षा की तैयारी के लिए हुआ है। जहां अनुभवी व विषय विशेषज्ञ शिक्षक उनकी परीक्षा की तैयारी कराएंगे। इस हेतु वे सब उत्साहित है एवं परीक्षा में सफलता अर्जित कर प्रशासन द्वारा उन पर किए गए भरोसे को पूरा करेंगे।कोरबा जिले के शासकीय विद्यालय से शैक्षणिक सत्र 202×-24 में कक्षा 10वीं से मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 100 छात्र-छात्राओं (50 विज्ञान व 50 गणित) के लिए नीट व जेईई प्रवेश परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी हेतु रायपुर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था ऐलेन में प्रवेश दिलाया गया है। इन विद्यार्थियों में 72 छात्राएं एवं 28 छात्र शामिल है। संस्था में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों का शैक्षणिक शुल्क, भोजन, आवास सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था जिला प्रशासन ने किया है। जिला खनिज संस्थान मद से खर्च वहन किया जाएगा।

## सांप के डसने से मासूम की मौत

**कोरबा 24 जून ।** रात को जमीन पर सो रही एक मासूम को सांप ने काट दिया, जिससे मासूम की मौत हो गई। घटना चैतमा चैकी अंतर्गत ग्राम माखनपुर की है। बताया जा रहा है कि चोढ़ा रामपुर निवासी मासूम जान्हवी कुमारी अपने नाना के घर माखनपुर आई थी। खाना खाने के बाद अपनी मां के साथ जमीन पर बिस्तर बनाकर सो रही थी।इस बीच देर रात जान्हवी कुमारी अचानक रोने लगी। चीख सुनकर स्वजन की नींद खुल गई और क्या हुआ पूछते परिवार के सभी सदस्य जमा हो गए। स्वजनों को समझ नहीं आ रहा था कि आखिर ब'ची को क्या हुआ। जब तक सांप काटने की बात समझ आइ, तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल ले जाने के लिए संजीवनी एक्सप्रेस 108 में काल किया, किंतु संपर्क नहीं हुआ। आनन फानन में गांव के बोलेरो पाली अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मासूम ब'ची को मृत घोषित कर दिया।

# शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ग्रामीणों के खुलवाये थे बैंक खाते,जांच में महादेव सट्टा ऐप से तार जुड़ने का खुलासा

**रायगढ़, 24 जून।** रायगढ़ पुलिस ने प्रतिबंधित महादेव सट्टा ऐप एवं लोटस ऐप में पैसों के अवैध लेन देन हेतु ग्रामीणों को गुमराह कर उनके बैंक अकाउंट का आपराधिक दुरुपयोग करने पर गिरोह के दो सदस्यों और स्थानीय इंडसइंड बैंक प्रबंधक और कर्नाटका बैंक के कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है जिनसे खुलवाये गये खाता धारकों के खाता किट की जप्ती कर आगे की जांच की जा रही है । गिरफ्तार 04 आरोपियों को धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।



### क्या है मामला

थाना जूटमिल अंतर्गत सराईभद्दर रायगढ निवासी जीवनलाल साहू का करीब 07-08 माह पूर्व उसके परिचित गांधी नगर जूटमिल में रहने वाले अरूण रात्रे द्वारा शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर इंडसइंड बैंक रायगढ़ में खाता खुलवाया था । जीवन साहू को उसके खाते में कभी रकम लेन-देन होने की जानकारी मोबाईल मैसेज और ई-मेल पर मिलने पर खाता खोलने वाले बैंक मैनेजर दिनेश यादव से मिला जो अपनी व्यस्तता बताकर बैंक से लौटा देते थे । इसी दौरान इसे जानकारी मिली कि अरूण रात्रे द्वारा सराईभद्दर और आसपास के कई लोगों का खाता खुलवाया है । जब इसने अरूण से पूछताछ किया तो अरूण भी इसे घूमाने लगा और तब इसने पुलिस में शिकायत करना उचित समझा । मामला एसपी श्री दिव्यांग कुमार पटेल के संज्ञान में आने पर साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को बारीकी से जांच करने निर्देशित किया गया । थाना प्रभारी जूटमिल द्वारा दिनांक 22/06/2024 को अपराध क्रमांक 286/2024 धारा 420, 120(बी), 409 आईपीसी धारा 8 अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद किया गया ।

### स्कैम गिरोह के ठगी का तारीका

आरोपी सुनील साहू निवासी लीमगांव थाना केडार जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ का संपर्क सट्टा गिरोह के साथ हुआ जिन्होंने उसे बैंक खाते खुलवाने की अवेज में 15000 से 20000 देने की बात कही। उसने रायगढ़ में उसके परिचित अरुण रात्रे निवासी ग्राम छिन्द सारंगढ़ हाल मुकाम गांधीनगर जूटमिल को लोगों के खाता खुलवाने पर कमीशन की बात बताये और अरुण रात्रे एवं सुनील साथ इंडसइंड बैंक जाकर अपना बैंक अफसर दिनेश यादव से खाता खुलवाये । सुनील साहू ने अरुण रात्रे को 12- 15000 रूपये कमीशन दिया, इसबे बाद इन्होंने खाता खुलवाने के लिए इंडसइंड बैंक के ऑपरेशन मैनेजर दिनेश यादव और कर्नाटका बैंक के सेल्स एशोसियेट दीपक गुप्ता को खाता खुलवाने में 4-5 हजार कमीशन दिये जिसके बाद बैंक अफसर भी इनके साथ लोगों का खाता खुलवाकर ठगी करने में शामिल हो गये। अकाउंट स्कैम रायगढ़ पुलिस के संज्ञान में आने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए इस स्कैम की जांच कर आरोपियों पर अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की गई। थाना प्रभारी जूटमिल द्वारा आरोपियों द्वारा खुलवाये गए बैंक खातों को होल्ड कराया जा रहा है, इन खातों में लाखों रुपए के ट्रांजैक्शन की जानकारी मिली है । पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक, साइबर सेल एवं थाना जूटमिल को मामले की बारीकी से जांच के निर्देश दिए गए हैं । आरोपियों ने कमीशन के रुपए को खर्च कर देना बताएं है । आरोपी सुनील साहू और अरुण रात्रे से कुछ व्यक्तियों के खाता किट वजह सबूत बरामद कर जप्त किया गया है । आरोपियों को धोखाधड़ी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है । मामले की तफ़तीश और भी गहनता से की जा रही है ताकि इस प्रकार के फ़र्ज़ी खाता खुलवाने वालों का पता लगाया जा सके। अभी तक की जाँच में पुलिस को 50 से अधिक ऐसे और खाते मिले हैं जिनके ट्रांजेक्शन संदिग्ध हैं । पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर उक्त अकाउंट ओपनिंग स्कैम के खुलासे में सिटी एसपी आकाश शुक्ला, साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय, टीआई जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज तथा साइबर सेल एवं थाना जूटमिल स्टाफ की अहम भूमिका रही है ।

### गिरफ्तार आरोपी

(1) सुनील साहू पिता देवनारायण साहू उम्र 20 वर्ष निवासी लीमगांव पोस्ट खोखसीपाली थाना केडार जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़,(2) अरुण रात्रे पिता राम प्रसाद रात्रे उम्र 24 साल निवासी गांधीनगर काशीराम चौक वार्ड क्रमांक 33 थाना जूटमिल जिला रायगढ़ स्थाई पता ग्राम छिंद थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़,(3) दिनेश यादव पिता रतिराम यादव उम्र 36 साल निवासी धरमजयगढ़ जेलपारा हाल मुकाम बोईरदादर थाना चक्रधरनगर,(4) दीपक गुप्ता पिता हीरालाल गुप्ता उम्र 23 साल निवासी ग्राम बोंदा पोस्ट छिछोरे उमरिया थाना पुसौर जिला रायगढ़

## मानसून की सक्रियता बढ़ी तो क्षेत्र के किसानों ने शुरू की थरहा की तैयारी

**कोरबा 24 जून ।** मानसून की सक्रियता ने जिले के किसानों की व्यस्तता बढ़ा दी है। एक जून से अब जिले में 762.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है। पिछले चार दिनों के भीतर हुई ×58.9 मिलीमीटर वर्षा ने धान की बोआई में तेजी ला दी है। जिले में 17 प्रतिशत बोआई पूरी हो चुकी है। जिन किसानों ने सूखा बोआई की थी उनके खेतों में अब धान की हरियाली दिखने लगी है। वर्षा का साथ रहा तो आगामी 15 जुलाई तक खेतों में थरहा रोपाई का काम शुरू हो जाएगा।मानसून ने किसानों के लिए अनुकूल बोआई की राह खोल दी है। खरीफवर्ष में इस बार जिला कृषि विभाग ने 1,02,×40 हेक्टेयर में अनाज की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें 97,1×0 हेक्टेयर में धान और ×,910 हेक्टेयर में कोदो, कुटकी, रागी और मक्का की बोआई को वरीयता दी गई है। धान के अलावा किसानों ने दलहन और तिलहन के बोआई की भी तैयारी शुरू कर दी है। सामान्य धान के अलावा इस बार सुगंधित धान की प्रदर्शनी खेती 1200 हेक्टेयर में की जा रही है। दलहन के रकबा को जहां 10 हजार 920 से बढ़ाकर 16 हजार 200 कर दिया गया है। वहीं तिलहन तिलहन के रकबा को ×,510 से बढ़ाकर 5,200 हेक्टेयर कर दिया गया है। दलहन और तिलहन की बोआई धान बोआई के बाद होगी। बहरहाल कृषि विभाग की ओर इस बार धान खेती के लिए किसानों को रोपा व बोता विधि को अपनाने के लिए कहा जा रहा है। दोनों की विधि से खेती के लिए 9157 हेक्टेयर में बोआई की जा चुकी है। जिन किसानों ने सूखा बोआई किया उनके लिए वर्षा वरदान साबित हो रहा है। जिले में 'यादातर किसान रोपा व बोता विधि से खेती करते हैं। खास बात यह है कि थम-थम कर हो रही वर्षा से खेतों में पानी भराव की नौबत नहीं। ऐसे में किसानों के खेतों की जोताई कराने में आसानी हो रही है। आसमान में बदली के साथ वर्षा जारी है। वहीं उमस का असर भी बरकरार है। किसानों की माने तो लगातार वर्षा फसल के तैयार होने में बाधा होगी। वर्षा के अलावा धूप भी फसल को तैयार होने के लिए जरूरी हैं। बताना होगा कि बीते वर्ष की तुलना में इस बार मानसून की सक्रियता तेजी से बढ़ी है। गांव की गलियों के बजाए अब खेतों में लोगों की हलचल बढ़ गई है।

## घुमका पुलिस की जुआ खेल रहे लोगों के खिलाफ की कार्रवाई

**राजनांदगांव, 24 जून ।** आरोपियों के कब्जे से 52 ताश पत्ती,कुल 5,000 रुपये नगद, एक कार, एक मोटरसाईकल,05 नग मोबाइल कुल कीमती 01,02,520 रूपये जप्त नितेश दुबे उर्फ नितम पिता स्व अयोध्या प्रसाद दुबे उम्र 2× साल साकिन ग्राम लिटिया थाना बोरी जिला दुर्ग प्रेम लाल उर्फ पाण्डु गेंडरे पिता स्व गुहरी गेंडरे उम्र 45 साल साकिन सुपेला पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 18 थाना सुपेला जिला दुर्ग मंथन जोशी पिता जोशीमल जोशी उम्र 25 साल. साकिन. खपरी कु हारी थाना कु हारी जिला दुर्ग गोलू लहरे पिता झगरू लहरे उम्र ×6 साकिन ढाबा वार्ड नंबर × कु हारी थाना कु हारी जिला दुर्ग विजय दुबे पिता रविन्द्र दुबे उम्र 27 वर्ष साकिन घोंटा थाना धमधा जिला दुर्ग दिनेश गुप्ता पिता भैयालाल गुप्ता उम्र 58 वर्ष निवासी गया वार्ड नंबर 4 थाना सिटी कोतवाली दुर्ग जिला दुर्ग पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगाव श्री दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन मे घुमका पुलिस के द्वारा दिनांक 2×/06/2024 को मुखबिर सूचना पर ग्राम कलडबरी व बरबसपुर के मध्य पहाड़ी पर आरोपियों के द्वारा सर्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पाए जाने पर आरोपियों के पास और फड़ से कुल 5,000 रूपये नगद तथा 52 ताश पत्ती, 01 सेंट्रो कार, 01 नग हीरो हौंडा एसएस, 05 नग मोबाइल सेट कुल कीमती 1,02,520 रूपये जप्त किया गया आरोपियों के विरुद्ध थाना घुमका में अपराध क्रमांक 9× /2024 धारा ×(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिर तार कर विधिवत कार्यवाही की गयी।

## डीजीपी ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर-रायपुर, 24 जून ।** नक्सलियों द्वारा सुकमा में किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए जवानों को करणपुर कोबरा बटालियन में गार्ड ऑफऑनर दिया गया. इस दौरान डीजीपी अशोक जुनेजा सहित पुलिस और सीआरपीएफ के उच्च अधिकारियों ने शहीदों को अंतिम सलामी देते हुए श्रद्धांजलि दी. बता दें कि सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में रविवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट को अंजाम दिया था. जिसमें दो जवान शहीद हो गए थे।

## शहीद जवानों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

**जगदलपुर, 24 जून ।** नक्सलियों द्वारा सुकमा में किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए जवानों को करणपुर कोबरा बटालियन में गार्ड ऑफऑनर दिया गया। इस दौरान डीजीपी अशोक जुनेजा सहित पुलिस और सीआरपीएफ के उ'च अधिकारियों ने शहीदों को अंतिम सलामी देते हुए श्रद्धांजलि दी। बता दें कि सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में रविवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट को अंजाम दिया था। जिसमें दो जवान शहीद हो गए थे।

जानकारी के मुताबिक सिलगेर में स्थित सुरक्षा कैंप से 201 कोबरा वाहिनी की एडवांस पार्टी का मुव्हमेंट आर0ओ0पी0 ड्यूटी के दौरान ट्रक और मोटर सायकल से कैंप टेकलगुड़ेम की ओर जा रहा था। इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। आईईडी की चपेट में 201 कोबरा वाहिनी का 01 ट्रक आ गया। जिसमें सवार चालक और सहचालक जवान मौके पर शहीद हो गए। शहीद जवान विष्णु आर केरल के तिरुवनंतपुरम और शहीद शैलेन्द्र उत्तर प्रदेश के कानपुर के निवासी है। फिलहाल गार्ड ऑफ ऑनर के बाद शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह प्रदेश के लिए रवाना कर दिया गया है।

# दो बिरहोर परिवारों के गृह प्रवेश में कलेक्टर जिले के अधिकारियों के साथ हुए शामिल



**रायगढ़, 24 जून ।** खुद का पक्का मकान होना हर किसी का सपना होता है और जब वह सपना पूरा होता है तो उसकी खुशियां ही अलग होती हैं। ऐसा ही सपना रायगढ़ में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के दो बिरहोर परिवारों का आज पूरा हुआ। पीएम जनमन योजना से लैलूंगा के कुर्रा गांव में गुरबारी बिरहोर और रतिराम बिरहोर को आज उनके पक्के मकान की सौगात मिली। घर का निर्माण पूर्ण होने के बाद पूरे विधि-विधान से गृह प्रवेश की रस्म पूरी हुई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल आज उनकी खुशी में शामिल होने सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता, सीईओ जनपद श्री पी.एस.मरकाम सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों को साथ लेकर पहुंचे, बल्कि गृह प्रवेश की पूजा में हितग्राही परिवारों के साथ सम्मिलित हुए। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने हितग्राहियों को उनके नए घर की बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपके पक्के घर का सपना पूरा हुआ जिसकी हम सभी को बेहद खुशी है। उन्होंने बताया कि सरकार पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के सभी लोगों को दूसरी सभी प्रकार की जनहितैषी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें पक्के आवास के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यरत है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के साथ-साथ शासन से अन्योदय राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, आयुमान कार्ड योजना का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है। विकास खण्ड मुख्यालय लैलूंगा के ग्राम पंचायत कुर्रा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय की श्रीमती गुरबारी बिरहोर रहती हैं। उनके पति दिलसाय का बीते तीन वर्ष पहले निधन हो गया था। खेती-बाड़ी, रोजी-मजदूरी के साथ प्लास्टिक रस्सी से गेरवा बनाकर जीवन-यापन करते हुए वह गांव में अकेली अपने एक कच्चे मकान में रह रही थी। जो बरसात में हर समय परेशानी खड़ी करता था। बारिश के दिनों में उन्हें जहरीले जीव-जन्तुओं का डर बना रहता था। लेकिन जब गुरबारी को पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत उन्हें पक्का घर स्वीकृत हुआ, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। योजना की किश्तों की राशि से अब अपना पक्का मकान तैयार हो गया है। इसी प्रकार श्री रतिराम बिरहोर के नाम से आवास स्वीकृत हुआ।

## एक नजर

### योग भारत की प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार है : पूरन लाल





**फिगेंश्वर, 24 जून।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया. तत्पश्चात प्रीतम बघेल द्वारा कटि चालन, ग्रीवा चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम- विलोम, प्राणायाम, वज्रासन, शशकासन,भ्रामरी प्राणायाम, भुजंगासन के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने से शरीर स्वस्थ और निरोग रहता है।योग मन और विचार को नियंत्रित रखते हुए रक्त परिसंचरण और मांसपेशियों के विश्राम में मदद करता है। योग अस्थमा, मधुमेह का इलाज करते हुए.बेहतर पाचन तंत्र प्रदान करता है।पूरन लाल साहू प्राचार्य ने कहा कि इस वर्ष 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है जिसका विषय है ÷स्वयं और समाज के लिए योग ÷ यह शरीर, मन एवं आत्मा को एकीकृत करता है. योग एक प्राचीन,शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी. उन्होंने आगे योग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है।यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है।जीवन में निरोग रहने के लिए योग सशक्त माध्यम है।अतः योग हमें जीवन जीने की कला सिखाती है।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षक टिकेंद्र यदु, कृपा राम बघेल क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू पूर्व शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष नंदू राम यादव, सरपंच प्रतिनिधि पीला चंद मांडले, सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद,भंवर लाल, रंजीत मिरे,सूरज मांडले,प्रीतम बघेल साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं स्वीपर यशवंत साहू उपस्थित थे।

### परसदा के अमृत सरोवर में योग दिवस मनाया गया



**राजिम, 24 जून।** समीपस्थ ग्राम परसदा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अमृत सरोवर में मनाया गया. इस अवसर टीकू यादव पूर्व अध्यक्ष गौठान समिति ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है. करो योग,रहो निरोग. उन्होंने आगे कहा कि योग मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है.साथ साथ अनिद्रा को दूर करते हुए आयु को बढ़ाता है.इस मौके ग्राम पर पंचायत सचिव रामचंद्र तारक रोजगार सहायक माधुरी साहू,हाई स्कूल व्याख्याता यादव सर, मनरेगा मेट योगेश यादव, विनोद सेन,कार्तिक यादव,आसाराम साहू,आरती तारक खेमिन तारक, सेवती एवं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी में कार्य करने वाले श्रमिक उपस्थित थे।

### वार्ड क्र.-47 में राशन दुकान संचालन के लिए 28 जून तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़, 24 जून।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 47 गोवर्धनपुर, रायगढ़ में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 28 जून 2024 तक आवेदन मंगाये गये है।

इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय/ महिला स्व-सहायता समूह/प्राथमिक कृषि साख समितियां/ अन्य सहकारी समितियां/ वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कार्यालय कलेक्टर, खाद्य शाखा रायगढ़ में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# चौबेबांधा राजिम परसवानी जर्जर सड़क में भरा पानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 24 जून।** चौबेबांधा राजिम परसवानी सड़क प्रतिदिन जर्जरता की नई-नई दृश्य दिखा रही है। सड़क पर हुए अनगिनत गड्ढों में बारिश से पानी भर गया है। धोखे से भी बाइक या फिर अन्य वाहन इन गड्ढों में घुस गए तो गिरना तय है। जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी चौबेबांधा तिराहा अटल चौंक से धमतरी जिला जाने वाले इस मार्ग पर आगे बढ़े तो महज 300 गज की दूरी पर गड्ढे की शुरुआत हो जाती है इनमें पानी भरा हुआ है। जिसके कारण गड्ढे की गहराई कितनी है यह पता नहीं चल पाता है। छोटे बड़े, लंबे चौड़े गड्ढे दिखते ही जाएंगे?। थोड़ी सी और आगे जाने पर गहराई वाले गड्ढे दिखेंगे। यहां पर सड़क मात्र एक पइंया हो गया है। आगे बढ़ने पर दानी तालाब से आगे तो गड्ढे का अंबार लगा हुआ है। कई जगह रेत हाईवा चलने के कारण सड़क नीचे धंस गया है जो गड्ढे का रूप ले लिया है इसमें भी पानी भरा हुआ है। कहीं पर तो सड़क पिचक गए हैं और गिट्टियां ऊपर आ गई है। इनके दाएं बाएं गड्ढे हैं। यह दीवाल जैसा रूप लेता जा रहा है। सिंधौरी जाने के लिए सिंगल रोड शुरू होता है। यहां पर तो सड़क के दोनों किनारे उभार आ गए हैं जिसमें पानी भरा हुआ है। चौबेबांधा पुल आते तक 1760 से भी ज्यादा गड्ढा देखने को मिला। यह सड़क मार्ग पुल के उस पार धमतरी जिला के नवागांव पेट्रोल पंप तक प्रतिदिन छोटे बड़े नए-नए गड्ढे आकार लेते जा रहे हैं। जिससे कई दुर्घटनाएं हो चुकी है परंतु अभी तक इसे बनाने में किसी ने दिलचस्पी नहीं ली है।

### शहर से लगा हुआ है यह सड़क

जानकारी के मुताबिक शहर के आसपास जितने भी सड़क मार्ग हैं उनमें से इस सड़क मार्ग की किस्मत ही टूट गई है जिसके चलते यह स्थितियां उत्पन्न हो गई है। इस बार पूरे गर्मी तक सड़क मार्ग में वजनी रेत हाईवा सरपट दिन और रात दौड़े हैं। अभी भी जिस समय हमारे संवाददाता फोटो ले रहे थे एक खाली हाइवा दौड़ लगा रही थी। अब तो मानसून लग गई है फिर इस सड़क मार्ग का भगवान ही मालिक है। इससे होकर धमतरी जिला के सैकड़ो गांव के लोग राजिम शहर आना-जाना करते हैं। इसके अलावा खुद गरियाबंद जिला के कई गांव के लोगों का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। यह व्यस्त से व्यस्ततम मार्ग बन गया है।

### छोटे बच्चे इसी सड़क से साइकिल चलाते हुए पहुंचेंगे शहर की स्कूल

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी बढ़ा दी गई है।आज से 2 दिन बाद 26 जून से स्कूल लगेंगे। तब पढ़ाई के लिए छोटे से लेकर बड़े बच्चे भी साइकिल से होकर शहर की स्कूल पहुंचेंगे तब क्या होगा। मगरलोड ब्लॉक तथा राजिम क्षेत्र के सैकड़ों बच्चे इसी जर्जर सड़क पर साइकिल की पैडल पर पैर रखकर स्कूल पहुंचने की जल्दी करेंगे। कहीं एक चार पहिया वाहन भी आ गए तो उनके सारे कपड़े पर पानी छटक जाएंगे तब क्या होगा। बच्चे गिर गए तो और मुसीबत बढ़ जाएगी। इस बात को लेकर पालकों में भी चिंता बनी हुई है। पालक भीखम, संतोष, लीलाराम, कुलेश्वर, लोकेश, नरेंद्र, नेहरू, रामचरण, हेमराज, उत्तम, जगन्नाथ ने कहा कि इन गड्ढों को पाटकर कम से कम चलने योग्य बना दिया जाए। हम अपने बच्चों को स्कूल पहुंचाने और लाने में लग रहे तो काम करने के लिए कब जाएं। समझ में नहीं आ रहा है। इन्होंने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, राजिम विधायक रोहित साहू तथा पीडब्ल्यूडी विभाग के शीर्षस्त अधिकारियों से शीघ्र सड़क को बनाने की मांग की है।

### नवीन मेला मैदान इसी सड़क मार्ग पर

प्रदेश का सबसे महत्वपूर्ण नवीन मेला मैदान इसी सड़क मार्ग पर है। पूर्ववर्ती सरकार ने सड़क को चकाचक बनाने की बात कही थी लेकिन आज तक नहीं बन पाया अलबत्ता और खराब हो गया है। तत्कालीन गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने छोटी बड़ी मिलाकर अलग-अलग सड़क बनाने की बात कही थी। उन्होंने इसे बनाने के लिए शीघ्र स्वीकृति मिलने की बात भी अपने प्रवास के दौरान सार्वजनिक किए थे परंतु देखते ही देखते उनके कार्यकाल तो समाप्त हो गए। दिसंबर 2023 में नई सरकार बैठी हैं। 6 से 7 महीना का समय हो गया लेकिन इस सड़क मार्ग को चकाचक करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। कुंभ मेला के समय पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल इसी मार्ग से होकर मुआयना करने आए हुए थे उन्होंने सड़क को देखा भी। तब राहगीरों को उम्मीद थी कि हर बार की तरह पक्की पेंच रिपेयरिंग किया जाएगा परंतु उल्टा हुआ। पक्की सड़क पर डामर गिट्टी को उठाकर किनारे में रख दिया और इसमें मुरूम तथा गिट्टी डाल दिया गया। यह मुरूम और गिट्टी गाड़ियां चलने के कारण फिर से गड्ढे में तब्दील हो गए। लोग कहते रहे कि पक्की सड़क पर पक्की पेंच वर्क होना चाहिए और कच्चा वर्क कर विभाग ने अपना पल्लू झाड़ लिया। उस समय विभाग के अधिकारियों ने कहा था कि ऐसे ही पेंच वर्क का आर्डर मिला हुआ है। तब से लेकर जर्जर सड़क और जर्जर होते गए। अब स्थिति भयावह बनती जा रही है। जिसे लेकर राहगीरों में दहशत बना हुआ है।

### यहां से दो किलोमीटर की दूरी पर है पीडब्ल्यूडी विभाग का दफ्तर

बताना जरूरी है कि यहां से मात्र डेढ़ से दो किलोमीटर की दूरी पर पीडब्ल्यूडी विभाग का उप संभागीय कार्यालय है। जिसे सड़कों की देखरेख का जिम्मा मिला हुआ है। चूंकि राजिम विधानसभा मुख्यालय है। तमाम जनप्रतिनिधिगण जिसमें पंच, सरपंच से लेकर जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक, सांसद, मंत्री सभी का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन इस सड़क को बनाने की दिशा में किसी का ध्यान अभी तक क्यों नहीं गया है यह सोचनीय विषय बन गया है।

# आबकारी अमले ने युवक को 13 किलों गांजा सहित पकड़ा



**महासमुंद 24 जून ।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में रविवार को आबकारी नियंत्रण कक्ष महासमुन्द में मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर हमराह आबकारी स्टाफ के साथ रवाना होकर गवाहों को नोटिस जारी कर आरोपी के संबंध में जानकारी देकर बताए हुए स्थान पर उपस्थित होने कहा। गवाहों के सहमति के पश्चात रेलवे स्टेशन महासमुन्द पहुंचकर सूचना से अवगत करा कर आर. पी. एफ .थाना महासमुन्द को सूचित कर संयुक्त रूप से महासमुन्द रेल्वे प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 में मुखबिर के बताए अनुसार ट्रॉली बैग एवं पिट्ठू बैग के साथ एक व्यक्ति ग्राहक की तलाश में खड़ा था। जिसे पूछे जाने पर अपना नाम रानू मालवीय पिता अशोक मालवीय उम्र - 23 वर्ष निवासी राजापुर, यमुना रोड़, चित्रकूट (उ. प्र.) का निवासी होना बताया। उक्त संदेही व्यक्ति को मुखबिर सूचना से अवगत कर तलाशी हेतु सहमत होने पर अपने पास रखे बैंगनी रंग के ट्रॉली बैग में 04 पैकेट पॉलीथिन में 8 किलोग्राम एवं एक काले रंग के पिट्ठू बैग में 1 पैकेट पॉलीथिन में 5 किलोग्राम कुल मात्रा 13 किलोग्राम मादक पदार्थ को मौके पर परीक्षण करने पर गांजा होना सिद्ध होना पाया जाने पर आरोपी को एनडीपीएस की धारा 20 (ख)(द्वद्व)(क्र) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। तथा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड में जिला जेल महासमुंद दाखिल कराया गया। उक्त कार्यवाही प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष जिला महासमुंद एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री दीपक कुमार ठाकुर, आबकारी उप निरीक्षक श्री दरस राम सोनी, श्री नितेश सिंह बैस, शिव शंकर नेताम, श्री हृदय कुमार तिरुपुड़े, श्री विकास बढेंद्र आबकारी मुख्य आरक्षक पी. माधव राव, आबकारी आरक्षक देवेश मांझी, संजय तिवारी एवं रेलवे पुलिस बल से निरीक्षक श्री पी. एस. धाकड़, उपनिरीक्षक श्री ए. के. गरनायक, आरक्षक क्र.0902 मंदीप सिंह, 0635 एम.एम. सिंह संयुक्त कार्यवाही में उपस्थित थे।

### पंचायत सचिव लक्ष्मीकांत बहिदार निलंबित

**रायगढ़, 24 जून।** जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव ने ग्राम पंचायत पंचधार जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम पंचायत सचिव श्री लक्ष्मीकांत बहिदार को अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टियां दोषी पाये जाने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बरमकेला निर्धारित किया गया है।

### सामान्य सभा की बैठक 26 को

**रायगढ़, 24 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 26 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### अपर मुख्य सचिव पिंगुआ ने स्वास्थ्य केन्द्रों, ड्रग वेयर हाउस एवं ग्रामों का किया आकस्मिक निरीक्षण

महासमुंद 24 जून । लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ तथा संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं श्री ऋतुराज रघुवंशी एवं उनकी टीम ने शुक्रवार को महासमुंद जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों, ड्रग वेयर हाउस एवं ग्रामों का आकस्मिक निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखें, मरीजों की सहूलियत का भी ध्यान रखें।अपर मुख्य सचिव एवं उनके टीम द्वारा सर्वप्रथम सीजीएमएससी ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर दवाईयों के रखरखाव व उपलब्धता हेतु इंडेट की जानकारी ली गई। ड्रग वेयर हाउस के साईनेज बोर्ड प्रदर्शित करने, रंग रोगन करने एवं विभिन्न दवाईयों व सामग्रियों को व्यवस्थित रखने तथा परिसर की उचित साफ-सफाई रखने तथा दवाईयों के वितरण में नियर एक्यपायरी दवाईयों का पहले वितरित किया जावे तथा वितरण नहीं हो पाने की स्थिति में राज्य कार्यालय को अवगत कराते हेतु निर्देशित किया गया। अपर मुख्य सचिव ने उसके उपरांत ग्राम कुहरी का औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ पर मितानिन श्रीमती डोमेश्वरी चक्रवती से भेंट किया गया, उनके घर के सामने नेम प्लेट प्रदर्शित पाया गया है, जिसमें मोबाईल नम्बर भी अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। उनकी मितानिन दवाई पेटी का निरीक्षण किया गया तथा तथा मितानिन दीदी से ग्राम की जनसंख्या, समस्त का स्वास्थ्य जाँच, सिकलिन जॉच एवं ग्राम में किसी प्रकार की अन्य स्वास्थ्यगत समस्याओं पर जानकारी ली गई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: जिले के 101 अमृत सरोवर स्थलों में हुआ योगाभ्यास



**रायगढ़, 24 जून।** भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य और प्रकृति के साथ सदभाव को बढ़ावा देने के लिए आज राज्य के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के सभी जनपदों के अमृत सरोवर स्थलों में योगाभ्यास किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जिले के 07 विकासखण्डों में कुल 101 अमृत सरोवर स्थलों में योग शिविर का आयोजन किया जाकर योगा अभ्यास करवाया गया। जिसमें विकासखण्ड धरमजयगढ़ में 19 अमृत सरोवर, घरघोड़ा में-12, खरसिया में-27, लैलूंगा में-16, पुसौर में-09, रायगढ़ में-11 एवं विकासखण्ड तमनार में-07 अमृत सरोवर अमृत सरोवर स्थलों में योग दिवस का आयोजन किया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर योग दिवस का आयोजन पंचायत विभाग द्वारा कराया गया था।उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, ग्राम रोजगार सहायक, महिला समूहों, पंचायत के पदाधिकारीगण एवं अन्य ग्रामीणजनों सहित लगभग 1694 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया तथा योग प्रशिक्षकों ने भी सभी को सही तरीके से योग करने के लिए मार्गदर्शन दिया एवं योगा के गुण रहस्य के बारे में विस्तृत रूप से प्रायोगिक तौर पर बताया गया। जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, व्रकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतु बंधासन, उत्तान पाद आसन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन योगासन के साथ ही कपाल भाति और अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम जैसे विभिन्न योगा अभ्यास करवाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का भुवन एप एवं अमृत सरोवर एप के माध्यम से भी विडियो एवं फोटोग्राफ्स भारत शासन के वेबसाईट पर अपलोड किया गया। योग दिवस आयोजन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने के लिए प्रेरित किया गया तथा वहां उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की उम्मीद जताई एवं उक्त कार्यक्रम में अमृत सरोवर के प्रति जागरूकता भी फैलाई गई।आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरूष एवं बच्चों ने अमृत सरोवर स्थलों पर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सरपंच, उप सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, वरिष्ठ नागरिक, ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# योग से शरीर व मन दोनों स्वस्थ रहते हैं: प्रीतम सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम, 24 जून।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,जिला शिक्षा अधिकारी ए.के.सारस्वत जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं जिला डी.ओ.सी आशीष साहू (स्काउट ) सीमा साहू डी.ओ.सी (गाइड )के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जवाहर नवोदय विद्यालय पांडुका के सभागार में मनाया गया द्य जिसमें अतिथि के रूप में डॉ रामकुमार साहू पूर्व जिला मुख्य आयुक्त,प्रीतम सिन्हा उपाध्यक्ष,युवराज साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडुका,संजीव चंद्राकर आजीवन सदस्य,नूतन साहू सदस्य , महेश कुमार पांडे प्रभारी प्राचार्य नवोदय विद्यालय,चंदन साहू ,खिलेश्वर गोस्वामी (पत्रकार)उपस्थित थे द्य कार्यक्रम का संचालन रोमन लाल साहू जिला सचिव के निर्देशन में चित्रा नागेश के द्वारा योग कराया गया जिसमें पहले सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर किए जाने वाले आसन जैसे ताड़ासन वृक्षासन, उसके बाद बैठकर किए जाने वाले आसन मंडूकासन ,पवनमुक्त आसन, लेट कर किए जाने वाले आसन सर्वांगासन नौकासन आदि ,पेट के बल किए जाने वाले आसन भुजंगासन ,धनुरासन, मकरासन आदि ,सूर्य नमस्कार, प्राणायाम भस्त्रिका, कपालभाती,अनुलोम विलोम,भ्रामरी प्राणायाम कराया गया द्य इस अवसर पर डॉ रामकुमार साहू ने कहा कि योग शरीर,मन एवम आत्मा को एकीकृत करता है. जिला में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाता है और जिला गरियाबंद के स्काउट गाइड के बच्चे राज्य एवं अन्य प्रांत में जाकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर जिला गरियाबंद का नाम रोशन करते हैं द्य प्रीतम सिन्हा ने कहा योग भारत की प्राचीन विद्या है इससे शरीर व मन दोनों स्वस्थ रहता है और मनुष्य दीर्घ जीवी होता है. प्राचार्य युवराज साहू ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए योग करना लाभदायक होता है इससे शरीर निरोगी रहता है वह मन चित प्रसन्न रहता है द्य महेश कुमार पांडे ने इतनी शक्ति हमें देना दाता मधुर गीत गाए द्य नूतन साहू ने योग से संबंधित कविता कहीं. संजीव चंद्राकर जी ने योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने को कहा द्य कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सीमा साहू डी ओ सी गाइड के द्वारा किया गया द्य इस कार्यक्रम के अवसर पर विकासखंड सचिव फिंगेश्वर शिवसिंह कंवर,विकासखंड सचिव मैनपुर राम प्रसाद साहू, विकासखंड सचिव छुरा प्रेमलाल साहू,स्काउटर रोशन सिंह ध्रुव,हिरऊ राम साहू ,चेतन गेंड्रऐ,उत्तम कंसारी गाइडर कीर्ति निर्मलकर,ममता दधीचि,वंदना केसकर, टंडन पी टी आई एवं स्काउट गाइड ,रोवर रेंजर उपस्थित थे.उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

# भाजपा सरकार किसान हित में नहीं ले पा रही निर्णय: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,24 जून।** पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि खरीफ का सीजन आ गया लेकिन, प्रदेश के सोसायटियों में अब तक खाद-बीज का भंडारण नहीं किया जा सका है। किसानों के कथित हितैषी बनने वाली भाजपा सरकार केवल खाद बीज की कमी नहीं होने की बातें कर रहे हैं। लेकिन, वास्तविकता कुछ और हैं, सोसायटियों में खाद-बीज लेने पहुंच रहे किसान खाली हाथ लौट रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि बोनी का समय आ गया है लेकिन किसानों को अभी तक खाद व बीज की उपब्लधता नहीं हो पा रही है। किसान बाजार से उंचे दाम पर बीज व खाद खरीदने को विवश हो रहे हैं। इससे पहले जब कांग्रेस की 5 वर्षों तक सरकार थी, तब कभी भी खाद व बीज की समस्या नहीं हुई। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट खाद उपलब्ध कराया गया। लेकिन, प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही खाद व बीज की समस्या शुरू हो गई है। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 80 फीसदी सोसायटियों में खाद-बीज आवश्यक मात्रा में अब तक नहीं पहुंच पाई है। भाजपा के नेता जैविक खेती की केवल बात करते हैं, इनका काम इनके दावे से उलट होता है। प्रदेश के किसी भी सोसायटी में ना वर्मी कंपोस्ट उपलब्ध है, ना सुपर कंपोस्ट। जैविक खेती का विकल्प किसानों से साय सरकार ने छीन लिया है। छग के किसान अब केवल रासायनिक खाद के भरोसे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किसानों को जैविक खेती करने प्रेरित किया था। इसलिए प्रत्येक गोठानों में गोबर की खरीदी कर उसे खाद बनाकर किसानों को दिया जाता था। जिसका उपयोग कर किसान रसायन मुक्त अन्न उगा रहे थे। वर्मी कंपोस्ट, गोबर खाद से किसानों की भूमि सुधार, खेतों की उर्वरा शक्ति में वृद्धि हुई थी। किसानों के साथ इसका लाभ समूह की महिलाओं को भी मिल रहा था। इसके माध्यम से आर्थिक लाभ महिलाओं को मिल रहा था।

10 रूपए में वर्मी कम्पोस्ट और 6 रूपए में सुपर कम्पोस्ट प्रति किलो की दर पर उपलब्ध था। यदि व्यवस्था में कोई खामी थी तो उस खामी को दूर किया जाना था, लेकिन इस बेहतरीन योजना को बंद कर साय सरकार ने किसान विरोधी होने का प्रमाण दिया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की सरकार केवल केन्द्र सरकार पर आश्रित है।

केंद्र के रिमोट पर चलने वाली यह सरकार किसान हित में फैसले नहीं ले पा रही है। प्रदेश में खरीफ सीजन में किसानों को खाद-बीज तो नहीं मिल रही। लेकिन, खाद व बीज की कालाबाजारी करने सरकार की संरक्षण में एक संगठित गिरोह सक्रिय हो गया है। जिसे भाजपा की सरकार अपना मौन समर्थन दे रहा है।

# स्वच्छ राजनीति करने वाले सरल राजनेता अग्नि चंद्राकर नहीं रहे

**महासमुंद,24 जून।** कैबिनेट मंत्री दर्जा के साथ छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष रहे तथा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री अग्नि चंद्राकर का आज रविवार शाम रायपुर के एक निजी अस्पताल में देहावसान हो गया। उनके निधन के समाचार से क्षेत्र में शोक की लहर है। कल सोमवार को सुबह 10 बजे उनका पार्थिव शरीर महासमुंद लाया जाएगा। स्टेशन रोड स्थित उनके निज निवास और कांग्रेस भवन में आम जनों के दर्शनार्थ रखा जाएगा। नगर भ्रमण पश्चात उनका पार्थिव शरीर उनके गृहग्राम लभरा कला ले जाएगा, जहां दोपहर 1 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

करीब 40 साल तक राजनीति में सक्रिय रहे श्री अग्नि चंद्राकर अपने सरल, सहज स्वभाव, साफ सुथरी राजनीति और सेवा भावना के कारण पक्ष-विपक्ष में समान



रूप से लोकप्रिय रहे। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से तीन तीन बार विधायक चुना जाना उनकी जन-स्वीकार्यता और लोकप्रियता का प्रमाण है। विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम सोरिद में दाऊ रमनलाल चंद्राकर के घर 1 जनवरी 1954 को जन्मे, बी. कॉम., एल.एल.बी. उच्च शिक्षित श्री अग्नि चंद्राकर ने व्यवसाय के रूप में कृषि को ही अपनाया। उनके राजनीतिक सफर की शुरुआत सन् 1986 में हुई जब वे ग्राम पंचायत धनसुली के निर्विरोध सरपंच बने। सन् 1993 में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से प्रथम बार निर्वाचित हुए। इसके बाद सन् 1998 में पुनः महासमुंद के विधायक बने। सन् 2000 से 2003 तक भूमि विकास बैंक अध्यक्ष रहे। सन् 2008 में तृतीय बार महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। सन् 2021 में अध्यक्ष, छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लि. रायपुर मनोनीत किए गए। साथ ही उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया था। विधायक के रूप में श्री अग्नि चंद्राकर ने महासमुंद क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित रहे। पासिद जलाशय, निसदा डायवर्सन सहित क्षेत्र की अधिकतर सिंचाई परियोजनाएं उनके प्रयासों से साकार हुई हैं। महासमुंद जिला निर्माण में उनका बड़ा योगदान रहा। यहां की जनता महासमुंद जिला की मांग कर रही थी, लेकिन 1998 में अविभाजित मध्यप्रदेश में नए जिलों का घोषणा हुई तो उसमें महासमुंद का नाम नहीं था। रायपुर को विभाजित कर धमतरी को जिला बनाया गया, लेकिन महासमुंद की मांग अनसुनी कर दी गई। जन-आकांक्षा की अनदेखी से क्षुब्ध श्री अग्नि चंद्राकर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह को अपने विधायक पद से इस्तीफा भेजकर अपनी ही सरकार के खिलाफ अनवरत धरना में बैठ गए। सरकार को झुकना पड़ा और अंततः महासमुंद जिला निर्माण की घोषणा की गई। महासमुंद जिला निर्माण के बाद सन् 1998 से 2006 तक वे कांग्रेस के प्रथम महासमुंद जिलाध्यक्ष भी रहे। कृषि उनका व्यवसाय था और बीज निगम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने प्रदेश भर के किसानों के हित में कई कार्य किए। उनका निधन महासमुंद विधानसभा ही नहीं, सम्पूर्ण महासमुंद जिला और पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है।

## एक नजर

### मत्स्याखेट 15 अगस्त तक निषिद्ध

**बलौदाबाजार, 24 जून।** शासन द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए मछलियों को संरक्षण देने के लिए छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनिमय के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किए गए हैं, उन सभी में किए जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का जुर्माना अथवा दोनों साथ होने का प्रावधान है। यह नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी-नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

### डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया



**राजनांदगांव 24 जून।** भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस को आज जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया फिर उनके स्मृति दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विचार गोष्ठी की शुरुआत करते हुये सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान सचमुच में उस दौर में एक बड़ी घटना थी, वे देश के पहले उद्योग मंत्री थे, किन्तु सरकार से वैचारिक मतभेद के चलते उन्पहोंने पद का मोह न करके उसे त्यागना बेहतर समझा। वे देश में दो निशान-दो विधान के खिलाफ राष्ट्र व्यापी आंदोलन खड़ा किया व कश्मीर में प्रवेश के लिये परमिट प्रथा का विरोध करते हुये इस नियम को तोड़ते हुये अपनी गिरफ्तारी दी फिर पुलिस कस्टडी में उनकी रहस्य मृत्यु वास्तव में उन्हे सरकार की आँखों की किरकिरी बनने के कारण अपना बलिदान देना पड़ा, उस मामले की उस समय जॉच तक नहीं हुई और हम उनकी स्मृति को आज भी संजोकर रखे हुये है। गोष्ठी को संबोधित करते हुये वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्र को अखंड बनाये रखने के लिये हमारे अनेक नेताओं ने अपना बलिदान दिया है, जिनमे डॉ. मुखर्जी का बलिदान प्रमुख है। श्री अग्रवाल ने कहा कि वे जनसंघ के संस्थापक थे वही जनसंघ आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में मान्य है। हमारी नीवं ही इतनी मजबूत थी कि उस पर विचारों को बहुमंजिली इमारतें बनना तय था। आज भाजपा के वैभव को सारा देश व सारी दुनिया देख रही है, किन्तु इसके पीछे डॉ. मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसी हस्तियों की वैचारिक पूंजी लगी हुई है।

### राशनकार्ड नवीनीकरण 30 जून तक

**कोरबा, 24 जून।** प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःषक्तजन तथा सामान्य(एपीएल) राशनकार्डों का नवीनीकरण के 30 जून 2024 तक किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राषनकार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत् रखते हुए राषनकार्डों के समयबद्ध नवीनीकरण हेतु नया मोबाईल ऐप तैयार किया गया है जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाइल, उचित मूल्य दुकानों में संधारित टेबलेट, दुकान संचालक के पंजीकृत मोबाइल में खाद्य विभाग की वेबसाइट ेजजचरूध्धींकलंण्बहण्दपबण्पदध्से ऐप को डाउनलोड कर राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में 21 जून 2024 तक कुल 336328 में 314581 राषनकार्ड नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 21747 राषनकार्डों का नवीनीकरण षीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा। राषनकार्ड धारी सदस्य उचित मूल्य दुकान में जाकर अपना ई-केवाईसी की स्थिति की जांच कर सकते हैं तथा ई-केवाईसी न होने की स्थिति में अपने आधार कार्ड की सहायता से निर्धारित समय-सीमा तक ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करा सकते हैं।

# सरकारी दफ्तर में शराबखोरी की शिकायत पर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**मोहला 24 जून।** जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी दफ्तर में शराबखोरी मामले में सब इंजीनियर, बाबू के द्वारा शराब सेवन करते वीडियो वायरल हुआ था, जिसको देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने नोटिस देकर जवाब मांगा था, शराबखोरी मामले में बिना जांच पड़ताल के पांचों कर्मचारियों को छूट देकर मुक्त कर दिया था। 7 नवंबर 2023 को जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी में दफ्तर के अंदर रखे कंप्यूटर सिस्टम में मैच का आनंद लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उप अभियंता, लेखापाल, सहायक करारोपण अधिकारी और सहायक ग्रेड 03 के कर्मचारियों की पास शराब की बोतलें और ग्लास, पानी बॉटल और नमकीन के साथ वीडियो वायरल हुआ था, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पांचो कर्मचारियों को 08 नवंबर 2023 को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब मांगा था। कारण बताओ नोटिस में जनपद के पांचों कर्मचारियों ने जवाब प्रस्तुत कर इस वीडियो में हुए कृत्य को निराधार बताकर नोटिस के प्रकरण को नस्तीबद्ध करने जनपद अधिकारी को पत्र दिया ।

7 नवम्बर को शाम में जाम से जाम टकराने बैठे जनपद कर्मचारियों की वीडियो वायरल होने और समाचारों में प्रकाशित होने के बाद जनपद अधिकारी ने वीडियो देखकर कारण बताओ नोटिस तो जारी कर दिया था, लेकिन वीडियो में जाम छलकाने वाले समान की ओर जनपद अधिकारी की नज़र नही पड़ी, वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि क्रिकेट मैच का आंनद और जाम छलकाने वाले समान स्पष्ट देखा जा रहा है। दूसरी तरफ कारण बताओ नोटिस में कर्मचारियों ने इसे निराधार बताया है। अगर कर्मचारियों की बाते निराधार है, तो वीडियो शूट के समय सभी भागने क्यों लगें और ग्लास, बॉटल और अन्य चीजें अधिकारी को नज़र क्यों नही पड़ी ? इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कही न कही कर्मचारियों को बचाने में विभाग इस कृत्य को जांच के दायरे में न लाकर नोटिस थमा कर बचाव कर रफादफा कर दिया ।

जाम से जाम टकराने वाले इस मामले में 15 मई को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष प्रेम नारायण वर्मा ने मोहला मानपुर कलेक्टर से शिकायत की, शिकायत में अम्बागढ़ चौकी जनपद पंचायत के उपअभियंता, लेखापाल, सहायक करारोपण अधिकारी और सहायक ग्रेड 03 सहित पांचो कर्मचारियों को तत्काल निलंबित करने पत्र लिखा । मोहला मानपुर कलेक्टर ने 31 मई को मुख्य कार्यपालन अधिकारी अम्बागढ़ चौकी को शिकायत पत्र भेजकर उक्त संबंध में जांच कर जांच प्रतिवेदन सौपने का आदेश दिया ।

आरोपो से घिरे जनपद के कर्मचारियों का ट्रांसफर होने के बाद भी अपने ठिकाने पर न जाकर अम्बागढ़ चौकी में जनपद पंचायत में मोटी रकम देकर दशकों से जमे है, अम्बागढ़ चौकी जनपद में भर्राशाही जताकर कार्य कर रहे है। पूर्व में सब इंजीनियर साहू का भी ट्रांसफर आदेश आने के बाद भी विभाग की लापरवाही के चलते ट्रांसफर को अपने स्तर में खत्म कर दिया।

जनपद पंचायत कार्यालय में हुए शराबखोरी मामले में जनपद पंचायत सीईओ ने मामले को गंभीरता से नहीं लेते हुए कर्मचारियों को बचाने में लग गए थे, जिसकी शिकायत होने के बाद कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए, लगातार विवादों में घिरे जनपद पंचायत में सीईओ की लापरवाही देखी जा रही है, जिसके कारण अधिकारियों कर्मचारियों ने अपने दफ्तर में इतनी दमदारी के साथ जाम से जाम टकराते रहे।

"जिला स्तर में भी जांच हुई है, सेमिनार में होने के कारण अभी कुछ बता नहीं पाऊंगी।"

**प्रिय वंदना रामटेके, सीईओ, जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी**

# दो बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठा रहे शिक्षक दुष्यंत वर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 24 जून।** शिक्षा जीवन का आधार और प्रत्येक बच्चों का अधिकार है बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सतत प्रयासरत शिक्षक दुष्यंत वर्मा दो बच्चों की पढ़ाई लिखाई का भार स्वयं उठाया है अपने गृह ग्राम परसदा में माता-पिता विहीन बच्ची शशि यादव कक्षा पांचवी और रोशनी यादव कक्षा सातवीं में अध्यनरत ये दोनो बहन माता-पिता विहीन अपने दादा डेरहू यादव के पास रहते हैं पारिवारिक और आर्थिक स्थिति दयनीय होने से बच्चों की पढ़ाई में दिक्कत आ रही थी पर दोनों बच्चे पढ़ाई और खेलकूद में जागरुक है अतः दोनों बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए पढ़ाई लिखाई सततकम से चलती रहे इस हेतु शिक्षक दुष्यंत वर्मा ने बच्चों को स्कूलबैग कॉपीसेट कंपास पानी बोतल एक सायकल और आर्थिक सहायता प्रदान किए हैं और आगे भी बच्चों की पूर्ण पढ़ाई तक मदद करते रहेंगे उनकी पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाएंगे सामाजिक सहभागिता और शिक्षा के प्रति जागरूक शिक्षक दुष्यंत वर्मा वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा विकासखंड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में पदस्थ है विद्यालय स्तर में भी बच्चों की पढ़ाई लिखाई को बेहतर बनाने के लिए नित्य पालक संपर्क करते हैं जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं उनके भी घर जाकर पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हैं उनकी समस्याओं का निराकरण करने की कोशिश करते हैं ऐसे शिक्षक को पाकर विद्यार्थी गौरवान्वित महसूस करते हैं बच्चों के शिक्षण संवर्धन हेतु शिक्षक दुष्यंत वर्मा हमेशा प्रयास रहते हैं उनका कहना है की निश्चित ही मैंने कोई जन्म में पुण्य कर्म किया है कि मुझे सैकड़ो विद्यार्थियों को पढ़ाने जीवन सँवारने और मां सरस्वती की सेवा का अवसर मिला है मेरा जीवन बच्चों के लिए हमेशा समर्पित रहेगा।

## देयकों एवं मासिक लेखों का प्रस्तुतिकरण होगा पेपरलेस

**बलौदाबाजार,24 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं प्रभावशील प्रशासनिक व्यवस्था हेतु सूचना एवं संचार प्राद्योगिकी का उपयोग करने में अग्रणी रहा है। वित्त विभाग ने पेपरलेस ऑफिस की अवधारणा को मूर्तरूप दिये जाने 1 जुलाई 2024 से सभी प्रकार के देयकों का प्रस्तुतीकरण, भुगतान एवं लेखे का प्रेषण इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से किया जायेगा। कलेक्टर श्रीदीपक सोनी ने वित्त विभाग के वित्त निर्देश के प्रावधानों के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं आहरण- संवितरण अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि देयकों एवं मासिक लेखे का प्रस्तुतिकरण जल्द ही पेपरलेस हो जायेगा। कोषालयों में 1 जुलाई 2024 से देयकों एवं मासिक लेखे का अनिवार्य रूप से ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण किया जाना है। वित्त विभाग ने देयकों का ई-बिल के रूप में प्रस्तुतिकरण किये जाने निर्देश जारी किया है। जिला कोषालय अधिकारी श्री जी पी घिदौड़े ने देयकों एवं मासिक लेखों के प्रस्तुतिकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि राज्य के सभी कोषालय में देयकों का ई-बिल के रूप में वर्ष 2014 से ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण किये जाने के निर्देश जारी किए गए है। वर्तमान में राज्य के सभी कोषालयों में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतिकरण किया जा रहा है। लेकिन कुछ कारणों से यह प्रक्रिया सभी प्रकार के देयकों पर लागू नहीं हो पाई। वर्ष 2022 में ऑनलाईन वेतन देयकों को डीएससी के साथ प्रस्तुत करने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इन्द्रावती कोषालय को चिन्हित किया गया। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए अप्रैल 2024 से सभी प्रकार के देयकों को राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त भेजे जाने की व्यवस्था लागू की गई। कुछ अपवादों को छोड़कर सभी कोषालयों में ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतिकरण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 1 जुलाई 2024 से सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी राज्य के सभी कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतिकरण सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से किया जाए।

## समाचार संक्षेप

### नवीन क़ानून के प्रचार के लिये छुरा थाना ने किया सेमिनार का आयोजन



**छुरा 24 जून।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छुरा मे रविवार को पुलिस विभाग द्वारा नये कानून कि जानकारी व प्रचार प्रसार के लिये सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, द्वारा सेमिनार मे उपस्थित नगरवासियों व गणमान्य नागरिको को क़ानून मे किये गये संसोधन कि जानकारी देते हुए बताया गया कि 01 जुलाई 2024 से नये कानून ( क्ञ्ह स, क्ञ्ह स स एवं क्ञ्स ) भारतीय न्यायलय सहिंता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू किये जाने को लेकर जागरूकता लाने सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगो को संसोधन हुए नये कानून कि जानकारी रहे पहले कानून मे मॉब लिंचिंग और नफरती जैसे गंभीर अपराध मे न्यूनतम सजा का प्रावधान था लेकिन अब नये कानून के तहत पांच लोग या अधिक लोगो के समूह द्वारा सामूहिक रूप से जाति या समुदाय आदि के आधार पर पर हत्या करने के मामले मे हमलावर समूह के हर सदस्य को को कम से कम सात साल कि सजा दी जाती थी अब नये कानून के तहत सात साल से बढ़ाकर आजीवन कारावास कर दिया गया है सेमिनार को सम्बोधित करते हुए नगर के वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा ने कहा कि कानून कि जानकारी सभी लोगो को होनी चाहिये जानकारी के आभाव मे बहुत सारी गलती हो जाती है जिसकी सजा एक आदमी को नहीं भुगतना पड़ता बल्कि पुरे परिवार को सजा का दंस भुगतना पड़ता है मनुष्य के शरीर मे आत्मा का निवास होता है और आत्मा सब जानता है क्या सही है और क्या गलत इसलिये सभी लोगो को क़ानून का पालन अवश्य करना चाहिए,नगर के वरिष्ठ नागरिक चमन साहू ने कहा कि आज हम जो सुरक्षित है वह कानून कि वजह से है कानून के सिपाही पुलिस कानून व्यवस्था बनाये रखने रात दिन ड्यूटी करते है कानून व्यवस्था के साथ शांति व्यवस्था कि जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस विभाग कि नहीं है यह हर आदमी का कर्तव्य है शांति व्यवस्था बनाये रखने अपना सहयोग प्रदान करे, उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चो को भी कानून कि जानकारी देनी चाहिए ताकि शुरू से ही बच्चे कानून के बारे मे अच्छे से समझ सके इस सेमिनार मे प्रमुख रूप से नथमल शर्म,अशोक दीक्षित,महेंद्र द्विवेदी,रोमनलाल ठाकुर,मनीष सारडा,प्रदीप सितालानी,इमरान मेमन,कुलेश्वर यादव,रुपनाथ बाज़ारे,अनीश सोलंकी, शयामिनी चंद्राकर,मोहित कुमार,रमेश कुमार शर्मा,दिनेश कोठरी, लुकेश्वर कुमार,विनोद कुमार देवांगन,चमन साहू,आदि उपस्थिति थे।

### नए कानून संहिता के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**बलौदाबाजार 24 जून।** नए कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अपनाने के विषय पर पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के स्वागत उद्?बोधन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हेमसागर सिदार द्वारा कार्यशाला के विषय एवं उसकी महत्ता के संबंध में बताया गया तथा नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए ध्यान देकर, समझने की बात उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों से कहा गया। प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने कहा कि नए कानून में विवेचना के दौरान वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी का प्रावधान है, साथ ही महिला संबंधी एवं नाबालिक बच्चों से संबंधित अपराधों के लिए भी अलग प्रावधान है। विवेचना कार्य में साक्ष्य के संकलन के लिए भी पृथक से प्रावधान, नए कानून में जोड़ा गया है। इसलिए नए कानून में उल्लिखित नियमों, बिन्दुओं के तहत आप समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को, अपने आपको अपडेट करना है।

# जिले की पंचायतों में 31 जुलाई तक बनाये जायेंगे आयुष्मान कार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,24 जून।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाये जा रहे है। वर्तमान में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के चिन्हांकित चार ग्राम पंचायतो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 10 लाख 50 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके तथा जिले में अभी भी लगभग 2 लाख कार्ड और बनाये जाने है। इसके लिए जिले में पुनः आयुष्मान कार्ड 31 जुलाई तक बनाये जायेंगे. कार्ड बनाने के लिए हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य होगा। साथ ही हितग्राही स्वयं घर बैठे अपने मोबाईल से आसान फॉर्म भरकर बना सकेंगे। मरीजों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने आयुष्मान कार्ड सेवा को और भी अपग्रेड कर दिया है। पोर्टल या राशन कार्ड से संबद्ध मोबाइल नंबर से लागिन करके अपना आयुष्मान कार्ड घर बैठे बना सकेंगे। केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए बनाए गए से पोर्टल को अपग्रेड कर दिया है.इसके लिए पात्रों को पहले अपने नंबर से वेबसाइट को खोलना होगा.आगे पात्रता होने पर दिए गए विकल्प अनुसार अपना आयुष्मान कार्ड या परिवार के नए सदस्यों का नाम जोड़ सकेंगे। पूर्व में किए गए आयुष्मान पंजीयन का पीवीसी आयुष्मान कार्ड ज़िले को राज्य से 2 लाख से अधिक पीवीसी कार्ड प्राप्त हुए है इन पीवीसी कार्ड का वितरण भी आधार बायो ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ज़िले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से निःशुल्क किया जा रहा है। परिवार की पात्रता के आधार पर क्रियाशील अंत्योदय कार्ड,प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवार को पांच लाख रूपये तक ईलाज के लिए सालाना सुविधा इन कार्डो से मिलेगी, इसी प्रकार शेष राशन कार्डधारी सामान्य राशन कार्ड परिवारों को सालाना 50 हजार रूपये तक का निःशुल्क ईलाज की सुविधा पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड के द्वारा मिलेगा। कैसे बनाये आयुष्मान कार्ड सर्वप्रथम प्ले स्टोर से आयुष्यान ऐप डाउनलोड करें आयुष्यान लॉगिन पर जाएं विकल्प चुनें मोबाईल नंबर दर्ज कर ओटीपी डालकर लॉगिन करें। इसके बाद दूसरा विकल्प आएगा जिस पर स्टेट राशन कार्ड फैमिली आईडी जिला राशन नंबर दर्ज करें।

# क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले 7 कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 24 जून।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों, जुआ सट्टा एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 22.06.2024 को जिले के विभिन्न ग्रामों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत जिले के थाना भाटापारा ग्रामीण, पलारी, लवन, हथबंद, चौकी गिरौदपुरी क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों में अवैध शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों का चिन्हांकन कर रेड कार्यवाही करने की योजना बनाई गई। योजना में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा सुनियोजित तरीके से एवं पूरी तैयारी के सांथ अवैध शराब बिक्री के अड्डों पर आकस्मिक दबिश दिया गया।



इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 07 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। संपूर्ण अभियान में ?22,350 कीमत मूल्य का 145 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 30.80 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। साथ ही अभियान में अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल एवं शराब बिक्री रकम ?850 भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(02) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## वन विभाग ने जारी किया अलर्ट, ग्रामीणों को सतर्क रहने की दी जा रही है सूचना

# बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में 1 बाघ सहित 3 दंतैल हाथी कर रहे हैं विचरण






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,24 जून।** बलौदाबाजार वनमण्डल अन्तर्गत बारनवापारा अभ्यारण्य एवं देवपुर परिक्षेत्र में 3 दंतैल हाथी एवं 1 बाघ का विचरण हो रहा है। 1 हाथी रूथ 2 (नवागांव, अचानकपुर) क्षेत्र, 1 हाथी रूथ 3 (भिंभौरी, फुरफूंदी) क्षेत्र एवं 1 हाथी बल्दाकछार परिक्षेत्र एवं उससे लगे निगम क्षेत्र में विचरण कर रहा है। वनमण्डल बलौदाबाजार अन्तर्गत बाघ का विचरण जो पिछले 3 माह से बल्दाकछार परिक्षेत्र एवं निगम क्षेत्र में नियमित रूप से विचरण कर रहा था. ग्रामीणों द्वारा कल रात को देवगढ़ घाट के पास प्रत्यक्ष रूप से देखा गया है। जिसकी जानकारी मिलने पर वन विभाग द्वारा क्षेत्र में सघन गश्त कर बाघ विचरण की पुष्टी की गई है। विभाग के द्वारा पुनः देवपुर परिक्षेत्र अन्तर्गत सभी ग्रामीणों से अपील की जाती है कि ÷वन्यप्राणी के विचरण के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल साझा÷ करें। अपराधिक गतिविधि अवैध हूकिंग, शिकार या अन्य कोई भी कृत्य पाये जाने पर विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जावेगी विभाग के द्वारा हाथी मित्र दल एवं बाघ निगरानी दल के द्वारा नियममित रूप से वन्यप्राणी की निगरानी करने की कार्यवाही जारी है। उक्त जानकारी कार्यालय वनमंडल आधिकारी बलौदाबाजार के द्वारा दी गई है।

## वाहन पलटने क्षेत्र के लोगों को चार दिन आवागमन में हुई परेशानी

**बलौदाबाजार 24 जून।** थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिसदा रोड में एक कैप्सूल वाहन पिछले चार दिनों से दुर्घटनाग्रस्त होकर पलटा हुआ था, जिससे उस मार्ग से आने जाने वाली वाहनों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था एवं बार-बार ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन रही थी। इस बीच आज दिनांक 23.06.2024 को निरीक्षक प्रवीण मिंज प्रभारी यातायात बलौदाबाजार के साथ यातायात की टीम द्वारा ग्राम रिसदा सड़क मार्ग में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए उक्त दुर्घटनाग्रस्त कैप्सूल वाहन को क्रेन की सहायता से उठाकर सड़क मार्ग के किनारे किया गया है। वर्तमान में ग्राम रिसदा सड़क मार्ग में आवागमन सुचारू रूप से जारी है।




**कार्यालय नगर पंचायत छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

Email ID - cmochoora@rediffmail.com Phone No.-07701299439

क्रमांक/381/ राजस्व/न.पं./2024-25

छुरा, दिनांक 21/06/2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ममता यादव पिता श्री चमन लाल यादव, जाति राउत, वार्ड क्रमांक 05, नगर पंचायत छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार वार्ड क्रमांक 05 राजा सिंघलशाह वार्ड के भवन स्वामि अभिलेख में निर्मित भवन क्षेत्रफल 34×22-748 वर्गफीट में दर्ज नाम **श्रीमती मंगली, अलका, ममता/चमन** के स्थान पर भवन स्वामि के रूप में **श्रीमती ममता यादव पिता श्री चमन लाल यादव** के नाम पर नामांतरण करवाना चाहती है। नामांतरण हेतु दस्तावेजों के रूप में श्रीमती मंगली बाई की मृत्यु प्रमाण पत्र, समेकितकर की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी होने के 30 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत छुरा**
**जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /197/ वा/तह./जन्म-मृत्यु / 2024भखारा दिनांक 14/06/2024

मामले की श्रेणी-ब/121 मृत्यु प्रमाण पत्र

ग्राम सेमरा डी तहसील भखारा

एत्तद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगलूराम पटेल पिता राम्हुराम पटेल जाति मरार निवासी ग्राम सेमरा डी तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक अपने पिता राम्हुराम पटेल के मृत्यु दिनांक 15/01/2001 को होने से विलंबित घटना का मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, ग्राम पंचायत से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, पेश किया है। आवेदक को आवश्यक कार्य हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने से मृत्यु के विलंबित घटना का रजिस्ट्रीकरण कराने जन्म-मृत्यु पंजीयक ग्राम सेमरा डी को प्रमाण पत्र जारी करने आदेशित किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

उक्त आवेदन पत्र के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 28/06/2024 के पूर्व दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत समय अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**भखारा**

## एक नजर

### शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 24 जून।** भाठागांव स्थित देशी शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मिथलेश यादव 32 वर्ष ग्राम घुसडीह थाना उतई दुर्ग का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी यहां रायपुर आया था, तब अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 एडब्लू 0823 को भाठागांव स्थित देशी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक पर नुकीली चीज से हमला

**रायपुर, 24 जून।** ग्राम सांकरा में शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रिंकू सिंह 41 वर्ष ग्राम सांकरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी आयूष ने प्रार्थी के बेटे कुलविंदर सिंह से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। कुलविंदर द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 327 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 11 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 24 जून।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विलालनगर गार्डन के पास जुआ खेलते 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 21900 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी टिकरापारा पुलिस को रात मुखबिर से सूचना मिली कि विलालनगर गार्डन के पास कुछ लोग तासपत्ती से जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी साकिर अली 61 वर्ष, अजय कारवानी 40 वर्ष सहित अन्य 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 21900 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर, 24 जून।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना मेन रोड किनारे सरेआम शराब पीते आरोपी उमेश वर्मा 27 वर्ष एवं सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी शत्रुहन सारथी 28 वर्ष व मनीश कुमार सुरमणिक 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### गांजा के पौधे के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 24 जून।** धरसींवा पुलिस ने गांजा पौधा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम देवरीपारा में दबिश देरक आरोपी सुनील पाण्डेय 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 नग गांजा का पौधा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 3 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### शराब तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 24 जून।** मंदिरहसौद पुलिस ने दो अलग-अलग स्कूटी में शराब की तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बोरी में रखे कुल 80 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने दो अलग-अलग स्कूटी में सवार आरोपी राहुल वर्मा 21 वर्ष और राहुल यादव 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुली 80 पाव देशी शराब जब्त किया है।

### ट्रेन से कटकर कारोबारी ने दी जान

**रायपुर, 24 जून ।** शहर से सटे उरकुरा इलाके में एक किराना कारोबारी ने खुदकुशी कर ली हैं। कारोबारी ने उरकुरा में ट्रेन से कटकर जान दे दी हैं। मामला कल शाम का हैं। खमतराई पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर मामले की जाँच शुरू कर दी हैं। खुदकुशी करने वाले किराना कारोबारी का अनाम अभिषेक अग्रवाल बताया जा रहा है। अभिषेक कल यानि रविवार सुबह घर पर एक सुसाइड नोट छोड़कर कही चला गया था। वही देर शाम उसकी लाश उरकुरा के रेल पटरी से बरामद की गई।

## निधन

### दयानंद द्विवेदी

**रायपुर।** वरिष्ठ पत्रकार गंगेश द्विवेदी के पिता डॉक्टर दयानंद द्विवेदी (87 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे और उनका इलाज डीकेएस अस्पताल में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार पैतृक निवास बलौदाबाजार में किया जाएगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ वैभव शिव पाण्डे, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी सदस्यों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# किसानों को भूमि अधिग्रहण की राशि शीघ्र प्रदान करने बृजमोहन के निर्देश

## केंद्रीय योजनाओं को अफसर गंभीरता से लें, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**रायपुर 24 जून।** सांसद बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल अब केंद्रीय योजनाओं को लेकर एक्शन मोड में आ गए हैं। भारतमाला राष्ट्रीय राजमार्ग योजना के लिए अभनपुर क्षेत्र के किसानों की अधिग्रहित की हुई भूमि की मुआवजा राशि 78करोड़ अब तक नहीं मिला है। किसानों ने इस बात की शिकायत सांसद बृजमोहन अग्रवाल से की। जिस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कमिश्नर संजय अलंग, कलेक्टर गौरव सिंह और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आरओ एके सिंह को एक सप्ताह के भीतर मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।



जानकारी के मुताबिक रायपुर विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग भारत माला प्रोजेक्ट के तहत ग्राम भेलवाडीह, टोकरो, नायकबांधा उरला अभनपुर के कृषकों की अर्जित भूमि का मुआवजा राशि का भुगतान का आदेश 30 जून 2022 को पारित हो गया था। परंतु अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। बताया गया कि नव पदस्थ एनएचआई के अधिकारी ने भुगतान राशि 30 प्रतिशत ज्यादा होने को लिए अपनी रिपोर्ट दे दी। जिसके चलते भुगतान का मामला अटक गया। इस मामले में किसानों की शिकायत मिलने के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संबद्ध समस्त अधिकारियों से फोन पर चर्चा की और एक सप्ताह के भीतर 75प्रतिशत राशि का भुगतान किसानों को किए जाने के निर्देश दिए।

बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपने जमीन अधिग्रहण कर लिया है और बिना मुआवजा दिए निर्माण भी कर दिया, जो की अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भूमि अधिग्रहण के बाद जब तक मुआवजा नहीं हो जाता किसानों की जमीन का उपयोग नहीं होना चाहिए, यही हमारी भाजपा सरकार की मंशा भी है। साथ ही कहा कि केंद्रीय योजनाओं को अफसर गंभीरता से ले लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।शिकायतकर्ता किसान अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज के नेतृत्व में पहुंचे थे।

इस अवसर पर अभनपुर के नगर पालिका अध्यक्ष कुंदन बघेल, निशांत शर्मा, शांतनु सिन्हा, राजा राय, शिवनारायण बघेल, आदिक राव पाटिल, सुजाता यादव, प्यारेलाल आत्माराम, विष्णुराम, सुदामा, बसंत कुमार अनिल भारती, नंदकुमार भारती, ओमलालरेखाराम, जगेश्वर, बुधारा बाई, तीरथरामराजेश सोनकर, देवकी साहू, दुष्यंत देवांगनगणेशराम, कांति बाई ढीमर, कुवाँरबाई, झूली बाई यादव, सतीश कुमार, विशाखा बाई, द्वारका यादव, अरुण यादव, घनश्याम पटेल, खेखीं बाई, शिव नारायण, राकेश बघेलनामदेव, मनोहर यादव आदि किसान मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशन में अवैध वेंडर फिर सक्रिय

**रायपुर 24 जून।** रेलवे स्टेशन रायपुर में एक बार पुनः अवैध वेंडिंग का खेल एक गैंग के अनाधिकृत वेंडरो के द्वारा खेला जा रहा है। बिना किसी भय घटिया स्तर का खाना प्रतिबंधित अंडा बिरयानी सहित चाय बेचने का कार्य रेलवे स्टेशन रायपुर में चल रहा है। यह अवैध वेंडर दिन में प्लेटफार्म पर नजर नहीं आते हैं क्योंकि इन्हें मालूम है कि दिन में ही जांच होती है और धरपकड़ भी होती है इसलिए यह लोग शाम 6 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक बेधड़क खुलेआम अवैध रूप से प्लेटफार्म पर वेंडिंग करते हैं।

यह वेंडिंग का खेल प्लेटफार्म नंबर 1 पर स्थित सोपान रेस्टोरेंट के माध्यम से करवाया जा रहा है। यह अवैध वेंडर आइआरसीटीसी की गणवेश धारण कर फर्जी परिचय पत्र लगा कर खुलेआम अवैध कारोबार कर रहे हैं। जबकि सोपान रेस्टोरेंट से केवल पांच वेंडर ही प्लेटफार्म पर वेंडिंग करने के लिए अधिकृत है लेकिन उक्त रेस्टोरेंट से लगभग बीस वेंडर आइआरसीटीसी की गणवेश धारण कर फर्जी परिचय पत्र लगाकर बेखौफ होकर आम रेल यात्रियों को प्लेटफार्म एंव रेल गाडियों में खाने पीने का सामान बेच रहे हैं। यह एक सोचनीय विषय है कि रायपुर स्टेशन जो ए श्रेणी का स्टेशन है यहाँ तमाम जवाबदार अधिकारी मौजूद है और सुरक्षा कर्मी भी मौजूद है बावजूद उसके अवैध कारोबार धडल्ले से किया जा रहा है यह बिना मिलीभगत के संभव नहीं है। उक्त शिकायत की पुष्टि रेलवे स्टेशन रायपुर में सुरक्षा की दृष्टि से लगे सीसीटीवी कैमरे से की जा सकती है।

### गणवेश की मांग

रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा रेलवे स्टेशन में कार्यरत वेंडरो के गणवेश के संबंध में आज रेल मंत्री सहित रेलवे के तमाम आला अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है साथ ही शीघ्र ही वेंडरो को गणवेश ठेकेदार से उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# डोपिंग में फंसे छत्तीसगढ़ के दो वेटलिफ्टर और कोच, चार साल के लिए निलंबित

**रायपुर 24 जून।** छत्तीसगढ़ के दो खिलाड़ी और कोच डोपिंग लेने के मामले में फंस गए हैं। जय भवानी व्यायामशाला की एकता बंजारे और मिथिलेश सोनकर का राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी ने डोप टेस्ट किया, जिसका रिजल्ट पॉजिटिव पाया गया है। रविवार को ओलंपिक दिवस पर नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी ने दोनों खिलाड़ियों और कोच अजय लोहार को चार सालों के निलंबित करने का फैसला लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक एजेंसी ने 19 मार्च को खेलो इंडिया इंटर जोन प्रतियोगिता के दौरान एकता और 9 अक्टूबर को मिथिलेश को औचक रूप से डोप टेस्ट के नमूने लिए थे। दोनों खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर के मैच में गोल्ड मेडल हासिल किया है . खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में ताकत बढ़ाने के लिए डोपिंग ली थी, जिसमें स्टेरॉयड



शामिल है, पिछले साल सरकार ने कोच को 5 लाख रुपए आर्थिक मदद करने की भी घोषणा की थी। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने लगातार वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में पदकों के अंबार लगाए हैं। एजेंसी को शक था कि प्रतियोगिता में दम दिखाने के लिए डोपिंग का उपयोग किया जा रहा है। यही वजह रही कि एजेंसी ने मिथिलेश का सैंपल रैंडमली लिया, जबकि एकता का टेस्ट प्रतियोगिता के दौरान लिया गया। दोनों के यूरीन में स्टेरॉयड और एनाबॉलिक पाया गया। यह स्टेरॉयड हार्मोन होते हैं, जो मांसपेशियों के विकास में मदद करते हैं और ताकत व ऊर्जा बढ़ाते हैं। इसके सेवन से कई दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।

# भाजपा 25 को जिलों में मनाएगी आपातकाल का काला दिवस

**रायपुर 24 जून।** आपातकाल का काला दिवस आयोजन समिति के प्रांत संयोजक सच्चिदानंद उपासने ने बताया है कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा सभी जिलों केंद्रों में 25 जून को आपातकाल का काला दिवस का आयोजन करेगी। कांग्रेस की सत्ता की लालसा के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जिस प्रकार न्यायालय आदेश के बाद भी प्रधानमंत्री की कुर्सी न छोड़ देश को 1975 से 1977 तक 21 माह की अवधि में आपातकाल लगा संविधान की हत्या कर विपक्ष एवं मीडिया को कुचलकर लोकतंत्र समाप्त कर तानाशाही राजतंत्र का काम किया। उस काले अध्याय को देश की जनता को स्मरण कराने भाजपा प्रतिवर्ष यह काला दिवस मनाती है।

संयोजक श्री उपासने ने बताया कि इस वर्ष भी 25 जून को जिलास्तरीय कार्यक्रमों में विषय प्रतिपादन हेतु राजधानी रायपुर में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रमुख प्रवक्ता लोकतंत्र सेनानी एवं



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने होंगे। इसी प्रकार बस्तर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, रायगढ़ में उप मुख्यमंत्रीअरुण साव, बिलासपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, रायपुर ग्रामीण में मंत्री टंक राम वर्मा, बालोद में मंत्री केदार कश्यप, कोंडागांव में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी, बलौदाबाजार में विधायक मोतीलाल साहू, गरियाबंद में चंद्रशेखर साहू, महासमुंद में लक्ष्मी वर्मा, जशपुर में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मौजूद रहेंगी।

# जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी के बाद मरीजों ने किया डांस

**रायपुर 24 जून।** अभी हॉल ही में रामकृष्ण केयर अस्पताल बिलासपुर में एक कार्यक्रम रखा गया जिसमें जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल द्वारा सर्जरी लाभ हुए मरीजों को बुलाया गया था जिसमें मरीजों ने न केवल अपना अनुभव साझा किया बल्कि फैशन वॉक व डांस करके बताया कि वह पूरी तरह से फिट है। कुछ मरीज तो 80 से 85 साल के भी थे जिन्होंने बताया कि कैसे वे ऑपरेशन से पहले लकड़ी लेकर चलते थ और आज वे बिना सहारे के अच्छी तरह से चल पा रहे है। कई मरीज ऐसे थे जो व्हील चेयर का सहारा लिया करते थे लेकिन वे भी अब ऑपरेशन के बाद सामान्य जीवन-यापन कर रहे है।

रामकृष्ण केयर अस्पताल के जाने-माने जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. अंकुर सिंघल द्वारा इन मरीजों का निजात मिनीमम कट तकनीक द्वारा किया गया। जिसमें मरीज को तीन घंटे बाद चलाया जाता है बल्कि उन्हें सीढ़ी पर चढ़ाया जाता है जिससे उनकी रिकवरी तेजी से होती है। डॉ. सिंघल ने बताया कि मिनीमम कट तकनीक यह है कि इसमें छोटे चीरे का ऑपरेशन होता है, चमड़ी पर टांका पर टांका नहीं लेते, मरीज को 3 घंटे बाद चलाते हैं, मरीज को दर्द कम होता है, उनकी फास्ट रिकवरी होती है, ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत नहीं पड़ती है। इससे मरीज बहुत जल्द ठीक हो जाता है और लगभग 1 महीने में सामान्य जीवन में आ जाता है।

उनके घुटने जो टेढ़े-मेढ़े थे वह भी ठीक हो गए है और वह रोजाना 4 से 5 किलोमीटर तक पैदल चल रहे है. कुछ मरीजों का जॉब भी लग चुका है क्योंकि घुटने व कूल्हे की तकलीफ की वजह से उनका जॉब छूट गया था। अब वह सभी मरीज बहुत खुश है क्योंकि वह अब आसानी से सीढ़ी चढ़ पा रहे है बल्कि दौड़ने भी लग गए है, प्रफुल्लित मन से डांस भी कर रहे हैं और उन्हें लगने लगा है कि वे अब पहले की उम्र की तरह पूरी फिट है। उनकी जीवनशैली भी वैसे ही है।

डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि ज्वाइंट आर्थोराइटिस्ट कॉमन बीमारी है लेकिन यह दुनिया की सबसे बड़ी बीमारी बन चुकी है और दिन ब दिन बढ़ते ही जा रही है। न सिर्फ इसमें आपको जागरूकता की जरूरत है बल्कि सही इलाज की भी जरूरत है। डॉ. सिंघल ने मरीजों को बताया कि ज्वाइंट आर्थोराइटिस्ट एवं उससे बचाव के साथ ही किस स्टेज में यह सर्जरी की जाती है।



**रायपुर 24 जून।** यश आर के म्यूजिकल की प्रथम प्रस्तुति, पुरानी बस्ती छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन, अग्रसेन कॉलेज के सामने दी गई। मुख्य अतिथि कोपल संस्था के संस्थापक वेदप्रकाश दास थे। सलाहकार के रूप में कैलाश छाबड़, विशेष सहयोगी छ ग कलाकार गोल्डन साहू, ग्रुप के संचालक एवम संरक्षक कृष्णा राहुल परमार व उनके पूरी टीम ने शानदार गानों पर प्रस्तुति दी, इस प्रोग्राम में विशेष प्रस्तुति रही बेबी यशिका परमार (5 वर्ष)की जिसने प्रोग्राम की शुरुवात मेरे झोपड़ी के भाग खुल जायेंगे राम आयेंगे गीत हुआ जिसमे सभी श्रोताओं ने बिटिया को खूब आशीर्वाद दिये।

### सहकारिता निरीक्षकों की पदस्थापना का आदेश जारी

**रायपुर24 जून।** राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2022 के परिणाम के आधार पर सहकारिता विभाग में चयनित अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। नियुक्त उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक तीन वर्ष की परिवीक्षावधि पर की गई है। सहकारिता निरीक्षक के पद पर जिनकी नियुक्ति की गई है, उनमें शशांक तिवारी को कोरबा, गरिमा शर्मा को जांजगीर-चांपा, नितिन अग्रवाल को दुर्ग, अभिषेक कुमार सिन्हा को रायपुर, रूकसार बानो को मुंगेली, समृद्धि ताम्रकार को महासमुंद, मुकेश कुमार गुप्ता को रायपुर, मनीष कुमार रात्रे को बिलासपुर, सतानंद पाटले को मुंगेली, नितेश कुमार भगत को अंबिकापुर, इन्द्र कुमार को कांकेर, विनायक सिंह को बस्तर, शैलजा खलखो को सूरजपुर, घनेन्द्र कुमार साव को जशपुर और देवव्रत भार्गव को जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही शामिल है।

### रिटेल स्ट्रेटेजी को सुदृढ़ कर रहा है एसुस

**रायपुर 24 जून।** देश भर में ब्रैंड के रिटेल फुटप्रिंट को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, ताइवान की टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने आज भिलाई में अपने नए एक्सक्लूसिव स्टोर को शुरू करने की घोषणा की है। यह नवीनतम एक्सक्लूसिव स्टोर 392 वर्ग फुट में फैला हुआ है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला सहित एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स की पेशकश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस श्रृंखला में वीवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल इन वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ शामिल हैं। भिलाई में स्थित यह एसुस का पहला स्टोर है, जिसके साथ ब्रैंड छत्तीसगढ़ में कुल 3 एईएस स्टोर्स की उपलब्धि हासिल कर चुका है। इस विस्तार के बारे में बात करते हुए, जिग्नेश भावसार, नेशनल सेल्स मैनेजर- पीसी एंड गेमिंग बिज़नेस, एसुस इंडिया, ने कहा, हम भारत में अपने रिटेल फुटप्रिंट के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद हर्षित महसूस कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।

# आवास को लेकर राज्य सरकार करे श्वेत पत्र जारी : बैज

**रायपुर, 24 जून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत होने का दावा किया गया था जबकि सच्चा यह है कि 18 लाख आवास में से अब तक एक भी आवास स्वीकृत नही हुआ है।साय सरकार गरीबो को आवास देने के नाम से धोखाधड़ी की है ।जो भी आवास बने है और जो बन रहे है वो कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। केन्द्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नही दिया है। राज्य सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवास हीनों के नाम सार्वजनिक किया जाये। मोदी सरकार बताये 18 आवासों में से कितने आवास केंद्र स्वीकृत किया? मोदी



सरकार ने राज्य के 18 लाख आवासों में से 1 मकान की भी स्वीकृति नहीं दिया।18 लाख प्रधानमंत्री आवास का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने अभी तक एक भी हितग्राही के खाते में एक रू. भी नहीं डाला है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री आवास केवल सरकारी विज्ञापनों और होर्डिंग में ही दिखते रहे है, हकीकत में भाजपा सरकार के आने के बाद एक भी हितग्राही के लिये आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने आवासहीनों के खाते में पहली किश्त डाली थी। उसके बाद भाजपा सरकार ने एक भी रू. नहीं भेजा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। 2011 के जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए कल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था। 2015 से 18 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 237000 ग्रामीण पीएम आवास तथा 19000 शहरी पीएम आवास बने। 2018 से 23 तक भूपेश सरकार ने 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाएं। शेष लगभग 7 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने विगत बजट में 3234 करोड़ का प्रावधान किया तथा 7 लाख आवासहीनो के लिये मकान बनाने के लिये पहली किश्त अक्टूबर में ही भूपेश सरकार ने डाल दिया था। साय सरकार बताये वह किन 18 लाख लोगों को आवास देने का दावा कर रही है।

### नक्सलवाद के खात्मे तक हम चुप नहीं बैठेंगे: विष्णुदेव साय

**रायपुर, 24 जून ।** जिले में नस्कलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बयान सामने आया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्टकर ब्लास्ट में शहीद जवानों के प्रति संवेदना जताई है। साथ ही उन्होंने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद के खात्मे तक हम चुप नहीं बैठेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 2 कोबरा जवानों के निधन की दुःखद खबर आ रही है। ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26